दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 27 | ग्वालियर, सोमवार 24 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





# दीपोत्सव में रोशनी के साथ फूलों की खुशबू से महकेगी अयोध्या

## 500 क्विंटल देसी-विदेशी फूलों से सज रही रामनगरी



**अयोध्या।** इस प्रभु राम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव पर दीयो की रोशनी के साथ फूलों की खुशबू भी फैलेगी। प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर पूरी अयोध्या दुल्हन की तरह सज गई है। अयोध्या का जो नजारा है वो त्रेता वाली अयोध्या का है। लोगों में उत्साह है। भगवान राम लला के परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। अयोध्या में एक ओर राम लला के मंदिर निर्माण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, दूसरी ओर दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या को सजाने की विशेष तैयारियां चल रही हैं।

भगवान राम लला के परिसर को सजाने में 500 क्विंटल फूल लगाए जा रहे हैं। राम जन्म भूमि मंदिर के जिस गेट से प्रधानमंत्री प्रवेश करेंगे, वहां से एक किलोमीटर लंबे मार्ग को दोनों तरफ फूलों से सजाया जाएगा। मुख्य गेट पर फूलों की सजावट की जा रही है। इसके अलावा विराजमान रामलला के अस्थाई मंदिर को लगभग 200 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा, जिसमें विदेशी फूलों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। भगवान राम लला के निर्माणाधीन स्थल पर फूलों की सजावट की जा रही है और फूलों की रंगोली बनाई जा रही है। साकेत महाविद्यालय से दीपोत्सव स्थल तक सड़क के मुख्य मार्ग पर भी फूलों की सजावट की जाएगी। इसी महाविद्यालय के पास प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। अयोध्या में दीपोत्सव पर विशेष सजावट के लिए आर्केट, अंथोनीयम, लिली, अलबेरा और काननेशन फूल विदेशों से मंगाए गए हैं। फ्लावर डेकोरेटर ने बताया कि कोलकाता, दिल्ली, बनारस और थाईलैंड से फूल मंगाए गए हैं। संपूर्ण राम जन्मभूमि परिसर में 500 क्विंटल फूलों की सजावट की गई है। फ्लावर डेकोरेटर के अनुसार मुख्य राम जन्मभूमि के गेट से राम जन्म भूमि के गर्भ गृह तक सजावट की जा रही है। 200 क्विंटल फूल की सजावट भगवान रामलला के अस्थाई मंदिर में की जाएगी, जहां पर विदेशी फूलों का इस्तेमाल भी किया जा रहा है।

## 11300 फीट ऊंचाई पर बीआरओ के अस्थाई ठिकाने में पीएम मोदी ने बिताई रात, मजदूर की बनाई खिचड़ी खाई



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा बेहद खास रहा। केदारनाथ में पूजा-पाठ और बद्री विशाल के दर्शन करने के बाद पीएम मोदी ने उत्तराखंड राज्य को कई विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम मोदी ने चीन सीमा पर मौजूद देश के आखिरी गांव माणा में जनसभा को संबोधित किया और 11300 फीट की ऊंचाई पर शून्य से नीचे तापमान पर साधारण तरीके से एक रात गुजारी। पीएम मोदी ने बीआरओ द्वारा बनाए गए एक छोटे से अस्थाई ठिकाने (डीईटी) में रात मजदूर के साथ रात बिताई। पीएम मोदी ने जिस कमरे में रात बिताई उसकी छत टीन की थी। पीएम मोदी ने खिचड़ी खाई। खिचड़ी के अलावा उन्होंने मंडवे की रोटी, स्थानीय चटननी और झागोरे की खीर खाई। यह खाना बीआरओ के लिए काम करने वाले एक मजदूर ने पकाया। बीआरओ के एक अधिकारी ने कहा हम हैरान रह गए जब हमें बताया गया कि पीएम मोदी यहां आ रहे हैं और यहां रात बिताएंगे।

## कर्नाटक में पैर छूने का प्रयास कर रही महिला को मंत्री सोमन्ना ने मारा थप्पड़

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के एक मंत्री ने शिकायत लेकर आई महिला को सरेआम थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर मंत्री का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद शिवसेना ने कर्नाटक की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। घटना चामराजनगर जिले के हंगाला गांव की है। इंफ्रास्ट्रक्चर और



डेवलपमेंट मंत्री वीरन्ना सोमन्ना लोगों को हक्कू पत्र (जमीन के पेपर) बांटने वाले आए थे। हक्कू पत्र लेने के लिए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची थी। सोमन्ना जमीन के कागज बांट ही रहे थे कि तभी भीड़ में शामिल एक महिला अपनी शिकायत लेकर मंत्री से मिलने पहुंच गई। महिला को अपने पास आता देख मंत्री नाराज हो गए। महिला जैसे ही उनके पैर पड़ने के लिए झुकी मंत्री ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि, महिला ने दावा किया है कि मंत्री ने उसे थप्पड़ नहीं, मारा बल्कि उसे दिलासा दी। महिला ने कहा मैं गरीब परिवार से हूं। मैंने उनके पैरों पर गिरकर उनसे जमीन आवंटित करके मदद करने का अनुरोध किया। उन्होंने मुझे सांत्वना दी। उन्होंने हमें जमीन दे दी है और वे 4000 रुपए भी लौटा दिए हैं, जो हमने चुकाए थे। ऐसा ही एक मामला सितंबर 2022 में महाराष्ट्र कमाठीपुरा में सामने आया था। जिसमें राज ठाकरे की पार्टी मनसे के नेता विनोद अरगिले ने एक महिला को पीट दिया था। बाद में उन्होंने महिला से मारपीट मामले में माफी मांग ली थी।

## खास खबर

### किडनी का इलाज करवाकर 25 अक्टूबर को सिंगापुर से स्वदेश लौट रहे हैं लालू प्रसाद

**पटना।** किडनी का इलाज करा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव 25 अक्टूबर को सिंगापुर से वापस स्वदेश लौटे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लालू प्रसाद यादव दिल्ली से लौटकर पटना भी आ सकते हैं। लालू प्रसाद यादव अपनी किडनी का इलाज के लिए सिंगापुर गए हुए हैं। सिंगापुर में बेटी रोहिणी आचार्य के साथ रहकर लालू इलाज करवा रहे हैं। कोर्ट से लालू को 25 अक्टूबर तक देश से बाहर रहने की अनुमति मिली है। माना जा रहा है कि वापस लौटने के बाद कोर्ट से अनुमति लेकर एक बार फिर लालू लंबे इलाज के लिये सिंगापुर जा सकते हैं। फिलहाल लालू प्रसाद यादव पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती के साथ पटना वापस लौट रहे हैं। लालू के इलाज के लिए उनके साथ पत्नी राबड़ी देवी और मीसा भारती भी साथ सिंगापुर में हैं। माना जा रहा है कि लालू प्रसाद के इलाज का प्राथमिक जांच की कार्रवाई पूरी हो गई है। डॉक्टरों द्वारा जांच कर ली गई है। आगे लंबे इलाज के लिये लालू एक बार फिर सिंगापुर आ सकते है उसके बाद इलाज चलेगा।

### अमिताभ बच्चन के पाँव में लगी चोट, पड़े टांके

**मुंबई।** सदी के महानायक अभिताब बच्चन की कौन बनेगा करोड़पति का 14वां सीजन शुरू से ही चर्चा में रहा है। इसमें कई कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया है. इस शो को अभिनेता अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अपनी दमदार आवाज से शो में धमाल मचाने वाले बिग बी के पैर में चोट लग गई है. खबर है कि एक एपिसोड के फिल्मांकन के दौरान उनका बायां पांव घायल हो गया जिससे पैर पर टांके लगे। इस बात की जानकारी खुद बिग बी ने अपने ब्लॉग में दी है। इसमें उन्होंने कहा कि सेट पर उनका पैर की नस कट जाने के कारण उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में जानकारी देते हुए कहा कि, किसी नुकीली धातु की वस्तु ने उनके बाएं पैर के पिछले हिस्से को काट दिया, जिसके बाद खून बहने लगा। नतीजतन, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उनके पैर में टांके लगे। अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। वह पूरी तरह से ठीक हैं। हालांकि अमिताभ बच्चन की हालत अभी ठीक है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने उन्हें अपने पैरों पर वजन डालने या चलने से मना किया है। बिग बी ने हाल ही में अपना 80वां जन्मदिन मनाया है. इस हादसे से उनके फैंस सदमे में हैं. वे उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं.

### यूपी के पूर्व आईजी की मकान में आग लगने के कारण दम घुटने से हुई मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक मकान में आग लगने के कारण दम घुटने से सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) की दर्दनाक मौत हो गई और उनकी पत्नी एवं बेटा घायल हो गए। पुलिस ने रविवार सुबह यह जानकारी दी। लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के गाजीपुर थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनोज कुमार मिश्र ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में स्थित पूर्व आईजी डी सी पांडेय (70) के घर में बीती रात आग लग गई और उसकी पहली मंजिल पर उनका परिवार फंस गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पड़ोसियों के सूचना देने पर तत्काल मौके पर पहुंची और उसने एवं अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाकर पांडेय, उनकी पत्नी अरुणा पांडेय और पुत्र शशांक को बाहर निकाला। घर में धुआं भर जाने से सबकी हालत बिगड़ गई थी।

## दिल्ली में दीवाली से पहले जहरीली हुई हवा, एक्यूआई 247 हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सर्दी के आगमन से पहले वायु प्रदूषण का कहर बढ़ने लगा है। दिवाली से पहले ही दिल्ली में वायु प्रदूषण से हाल बेहाल हो गया है। हवा पूरी तरीके से जहरीली हो गई है और खतरनाक स्तर पर वायु प्रदूषण पहुंच चुका है। यह तब है जब दिवाली अभी बाकी है। आज सुबह सवेरे दिल्ली में धुंध का बड़ा चादर देखा गया। भले ही दिल्ली में प्रदूषण की वजह से पटाखों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। लेकिन कहीं न कहीं स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। प्रदूषण की वजह से बुजुर्गो, बच्चों को खासतौर पर परेशानी हो रही है। खतरनाक प्रदूषण स्तर से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कतें हो रही हैं। रविवार को सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में धुंध छाया रहा। अक्षरधाम में तो स्थिति काफी खराब देखने को मिली। दिवाली के दिन अगर दिल्ली में पटाखे छोड़े जाते हैं तो कहीं ना कहीं इसका असर पर्यावरण पर भी देखने को मिलेगा। शहर में हवा की गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह आठ बजे शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 247 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब', और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।



## राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन व जाकिर नाइक की संस्था ने चंदे के रूप में दी मोटी रकम : संबित पात्रा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने 2020 में गठित एक अंतर-मंत्रालयी समिति की जांच के बाद यह कार्रवाई की है। केंद्र सरकार के इस फैसले पर अबतक कांग्रेस या गांधी परिवार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मसले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने एक दो नहीं बल्कि 3-3 बार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से डोनेशन लिया था। जाकिर नाइक की संस्था इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन से भी मोटी रकम चंदे के रूप में ली है। संबित पात्रा ने राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया और गांधी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। पात्रा ने कहा राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीन से एक दो नहीं बल्कि 3-3 बार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और चीन की एंबेसी से चंदा लिया था। उस समय इस फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं, जबकि ट्रस्टी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा हैं। चीन की सरकर की तरफ से राजीव गांधी फाउंडेशन के पास डोनेशन के रूप में करोड़ों रुपए आए थे। पात्रा ने आरोप लगाया कि जब डोकलाम मुद्दे पर भारत-चीन का स्टैंडऑफ हुआ था तब चीनी तंबू के नीचे कैसे गांधी परिवार का कुनबा पकड़ा गया था, यह सबने देखा था। संबित पात्रा ने केंद्र सरकार के इस फैसले के लिए उनका धन्यवाद भी किया। संबिता पात्रा ने गांधी परिवार से सवाल किया कि आखिर चीन के बीजिंग में हुए बीजिंग ओलंपिक में पूरा का पूरा गांधी परिवार क्यों गया था। इसमें सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा रॉबर्ट वाड्रा भी शामिल थे। सोनिया गांधी की मौजूदगी में राहुल गांधी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक करार हुआ था। इसके बाद से ही राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन की सरकार से चंदा मिलना शुरू हो गया था। इस संस्था से 50 लाख से ज्यादा रकम ली गई थी। पात्रा ने कहा कि भला हो यह खुलासा सबके सामने आया और कांग्रेस का राज जनता के सामने आ सका।

## ब्रिटेन में एक युगल जोड़े ने लाटरी में जीता 23 करोड़ का घर

### -साथ में मिले घर फर्निस कराने 46 लाख रुपए

**लंदन।** ब्रिटेन में एक यूगल जोड़े की किस्मत उस समय खुल गई जब उसने हाउस ड्रॉ में 23 करोड़ रुपए मूल्य का आलीशान घर जीता है। घर जीतने के बाद कपल इमोशनल हो गया, उन्होंने कहा कि ऐसा घर जीतना सपने से भी परे है। कपल को घर ब्रिटेन में



मिला है, जहां से फ्रांस का नजारा भी देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक- जेड और उनकी पार्टनर ने ये घर ओमेज मिलियन पाउंड हाउस ड्रॉ में जीता है। कपल की किस्मत बुलंद रही और उन्हें आलीशान घर केंट (ब्रिटेन) में मौजूद समुद्र तट के किनारे मिला। इस लकी विजेता कपल को 46 लाख रुपए भी ओमेज की ओर से दिए गए हैं, ताकि वह इस आलीशान घर को फर्निश करा लें। घर की खास बात यह है कि 180 डिग्री के एंगल पर यहां से बाहर की तरफ शानदार समुद्री तट देखा जा सकता है। वहीं, आसमान साफ हो और मौसम ठीक हो तो यहां से पड़ोसी देश फ्रांस भी दिख जाता है। यह कपल मिडलैंड्स (ब्रिटेन) का रहने वाला है। कपल ने जीत के बाद बताया कि इस बारे में उन्होंने कभी सपने में नहीं सोचा था। इस अनुभव को बताने के लिए उनके पास कभी भी भरपूर शब्द नहीं हो पाएंगे। जीत के बाद उनका पूरा परिवार कैसा महसूस कर रहा है, यह बता पाना बहुत ही मुश्किल है। कपल ने कहा कि अभी भी उन्हें इस बारे में विश्वास नहीं हो रहा है कि उन्होंने इतना आलीशान घर जीत लिया है। जेड और उनकी पार्टनर ने कहा कि यह घर जीतने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई है। घर पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं और गैजेट से लैस है।

## भारत ने रचा कीर्तिमान, इसरो ने 36 सैटलाइट को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलता से किया स्थापित

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष संगठन इसरो ने आधी रात को एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दुनिया को चकित कर दिया है। भारत का सबसे भारी रॉकेट जियोसिन्क्रोनस सैटलाइट लॉन्च वीइकल-मार्क3 (जीएसएलवी-एमके3) जिसे अब एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क 3) नाम से भी जाना जाता है, कॉमर्शियल मार्केट में डेब्यू करने जा रहा था। अपने पहले कॉमर्शियल मिशन पर इसे वनवेब के 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करना था, जिसमें वह कामयाब हुआ। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर में आधी रात को इसरो के वैज्ञानिकों की धड़कनें बढ़ी हुई थीं। पहली बार भारत का सबसे भारी रॉकेट कॉमर्शियल मिशन के लिए उड़ान भरने वाला था। पीएसएलवी तो कॉमर्शियल मिशन को सफलता से



अंजाम दे चुका है लेकिन जीएसएलवी के लिए ये इम्तिहान की घड़ी थी। घड़ी की सूइयों में जैसे ही आधी रात को 12 बजकर 7 मिनट का वक्त हुआ, जीएसएलवी एमके 3 अपनी ऐतिहासिक उड़ान पर निकल गया। 5,796 किलोग्राम पेलोड के साथ। भारत में अब तक इतने वजनी पेलोड के साथ किसी रॉकेट ने उड़ान नहीं भरी थी। लिफ्ट ऑफ के करीब 20 मिनट बाद ही 601 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में सभी 36 सैटलाइट सफलता से स्थापित हो गए। इसके साथ ही इसरो ने कॉमर्शियल स्पेस सेक्टर में एक नया अध्याय लिख दिया। उसका सबसे वजनी रॉकेट अपने पहले कॉमर्शियल मिशन में कामयाब हो चुका था। सैटलाइट जब रॉकेट से अलग हुए तो उन्हें श्रीहरिकोटा से देखा जा सकता था। जैसे ही 16 रॉकेट के पहले 4 बैच रॉकेट से अलग हुए, इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ खुशी से चहक उठे। वह बोल उठे, हमने दिवाली का जश्न पहले ही शुरू कर दिया है। अब रॉकेट उसी रास्ते पर है, जैसा हम चाहते थे। इसरो चेयरमैन सोमनाथ ने आगे कहा, 36 में से 16 सैटलाइट उन कक्षाओं में स्थापित हो चुके हैं।

## गांधी परिवार को केंद्र का झटका, गृह मंत्रालय ने राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द किया

### कार्रवाई के बाद संगठन विदेशी चंदा नहीं ले पाएगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गांधी परिवार को बड़ा झटका देते हुए नियमों के अवहेलना के आरोप में उनसे जुड़े गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा 2020 में गठित एक अंतर-मंत्रालयी समिति की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। एक अधिकारी ने कहा, 'हां, राजीव गांधी फाउंडेशन के खिलाफ जांच के बाद उसका एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।' राजीव गांधी फाउंडेशन गांधी परिवार से जुड़ा हुआ गैर सरकारी संगठन है। 21 जून 1991 को स्थापित राजीव गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं। इसमें अन्य ट्रस्टी डॉ मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी चिदंबरम, मोंटेक सिंह अहलूवालिया, सुमन दुबे और अशोक गांगुली हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबकि जुलाई 2020 में एक कमेटी का गठन किया गया और उसकी रिपोर्ट के आधार पर फाउंडेशन के लाइसेंस को रद्द करने का फैसला हुआ है। बीजेपी इस फाउंडेशन पर लगातार विदेशी चंदे को लेकर आरोप लगाती रही है। राजीव गांधी फाउंडेशन पर चीन से फंड लेने का आरोप लगा और यह कहा गया कि इसमें नियमों की अनदेखी हुई है। सरकार के इस फैसले पर बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह संस्था इसलिए बनाई गई थी ताकि पैसा उठाया जा सके और गांधी परिवार के सुख-सुविधाओं के लिए उसको इस्तेमाल किया जा सके।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक से भिड़ी बस, 5 की मौत, 41 घायल

### हादसे पर सीएम योगी ने जताया शोक, घायलों के समुचित उपचार के दिए निर्देश

**इटावा।** यूपी के जिला इटावा के सैफई थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह 3 बजे हुआ। स्लीपर बस पीछे से मौरंग लदे ट्रक से टकरा गई, जिसमें सवार पांच यात्रियों की मौत हुई है और 41 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। स्लीपर बस के घायलों को सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अस्पताल की इमरजेंसी ले जाया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताया है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय, एसएसपी जयप्रकाश में एसडीएम ज्योत्सना बंधु, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे, थाना प्रभारी रमेश सिंह, पीजीआई चौकी इंचार्ज केके यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को उत्तर प्रदेश



आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में शव गृह में रखवाया है। सभी घायलों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की इमरजेंसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने घायलों और मृतकों के स्वजन को सूचना भिजवा दी है। बताया गया है कि प्राइवेट स्लीपर बस गोरखपुर से अजमेर जा रही थी। रविवार की सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के चैनल नंबर 103-104 के बीच हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि तीन घंटे की मशक्कत के बाद तीन क्रेन की मदद से बस और ट्रक को अलग किया गया और उसमें फंसे घायलों को निकाला जा सका। घटना की जानकारी पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत यादव चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉक्टर एसपी सिंह चिकित्सकों की टीम लेकर तत्काल इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में पहुंचे। पहले से मौजूद स्टाफ को लेकर सभी घायलों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत-बचाव कार्य संचालित करने व घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने अमन

**पोंटेवेदरा** । भारत के फ्रीस्टाइल पहलवान अमन ने स्पेन में जारी अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। अमन ने यह पदक 57 किलोग्राम भार वर्ग में हासिल किया है। अमन यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं। अमन ने तुर्की के अहमत दुमान को हराकर अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप का 57 किग्रा वर्ग का खिताब हासिल किया। अमन ने अपने सारे अंक दूसरे पीरियड में हासिल किये जबकि तुर्की के पहलवान ने प्रत्येक पीरियड में अंक बटोरे। यह अमन का इस सत्र का चौथा पदक है। उन्होंने इससे पहले अलमाटी में स्वर्ण, डान कोलोव में रजत और यासार दोगू में कांस्य पदक अपने नाम किया था। भारत को इस प्रकार प्रतियोगिता में छह पदक मिले हैं। इस टूर्नामेंट में नौ पहलवान मैट पर उतरे थे।

### रोहित ओर आजम बोले, किसी भी हालात में खेलने के लिए हैं तैयार

**मेलबर्न** । भारत और पाकिस्तान टीम के बीच रविवार को होने वाले मैच में बारिश की आशंका के बीच ही दोनो ही टीमों के कप्तान ने कहा है कि वे किसी भी प्रकार के हालातों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों ने यहां पहुंचने के लिए पर्याप्त अभ्यास भी किया है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा से जब बारिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि टीम किसी भी प्रकार से खेलने के लिए तैयार है। फिर चाहे 20 ओवर का मैच हो या पांच ओवर का। वहीं पाक कप्तान बाबर आजम ने कहा कि देखिए मौसम हमारे हाथ में नहीं है परन्तु एक खिलाड़ी और बतौर कप्तान मैं चाहूंगा कि मैच हो। आजम ने कहा, ' जो भी स्थिति हो, हम तैयार हैं अपना सौ फीसदी देने के लिए।' बाबर ने यह भी कहा कि बल्लेबाज फखर जमां अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और वह भारत के खिलाफ मुकाबले में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इस मैच के लिए सभी टिकट पहले ही बिक गये हैं पर मौसम विभाग की बारिश की संभावना वाली रिपोर्ट से दर्शक आशंकित बने हुए हैं।

### मंधाना ने खरीदी इवोक रेंज रोवर एसयूवी

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने दिपावली के अवसर पर एक शानदार एसयूवी खरीदी है। मंधाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस कार की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। मंधाना ने जो रेंज रोवर इवोक एसयूवी खरीदी है वह सिलिकॉन सिल्वर शेड में है। यह कार इवोक रेंज रोवर इस सीरीज की सबसे छोटी कार है और इसकी कीमत करीब 72.09 लाख रुपये से शुरू होती है। इसमें 2.0-लीटर इंजेनियम पेट्रोल इंजन है जो इसे 247 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 365 एनएम पीक टॉर्क जनरेट कर सकता है। इसके अलावा इसमें दूसरा 2.0-लीटर इंजेनियम-फैमिली डीजल इंजन मिलता है, जो 201 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 430 एनएम पीक टॉर्क जनरेट कर सकता है। यह कार 9-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आती है। इसे माइल्ड-हाइब्रिड तकनीक के साथ पेट्रोल और डीजल इंजन विकल्प के साथ पेश किया गया है। रेंज रोवर इवोक को 2020 में अपडेट किया गया था और एसयूवी को सिंगल आर-डायनामिक एसई ट्रिम में पेश किया गया है। स्टाइलिंग रेंज रोवर परिवार मॉडल की पिछली पीढ़ी के साथ ज्यादा इन-लाइन है। इसमें एक नया ग्रिल, स्वेप्टबैक बोनट है। एक्सटीरियर अपडेट के हिस्से के रूप में फ्लश दरवाजे के हैंडल और नए एलॉय व्हील भी हैं।

# टीम इंडिया को मिला आसान ग्रुप, कोई उलट-फेर न हो तो आसान साबित होगी सेमीफाइनल तक की यात्रा

**नई दिल्ली** । टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को खेलना है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड में रविवार 23 अक्टूबर को खेला जाएगा। टीम इंडिया को पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जिसका बदला लेने के लिए भारतीय स्क्वैड बेताब होगा। देखा जाए तो मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए, क्योंकि रोहित ब्रिगेड को आसान सा ग्रुप मिला है।

भारत को पाकिस्तान के अलावा साउथ अफ्रीका टीम से ही टक्कर मिलने की संभावना है। भारतीय टीम यदि इन दोनों को हरा देती है, तो उसका सफर आसान हो सकता है। भारतीय टीम के ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे जैसी टीमें हैं। नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ तो भारत को जीत हासिल करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। हां बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए उसे मशक्कत करनी पड़ सकती है। भारत को अबकी बार सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 5 में से 4



मुकाबले जीतने होंगे। वैसे 3 मुकाबले जीतकर भी भारत सेमीफाइनल का टिकट कटा सकता है, लेकिन इसके लिए उसे दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। पिछले वर्ल्ड कप में भी भारत ने तीन मुकाबले जीते थे, लेकिन वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी थी।

पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भी भारतीय टीम को आसान ग्रुप मिला था। तब भारतीय टीम को पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, स्कॉटलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया था। ऐसे में उम्मीद थी कि भारत सेमीफाइनल तक पहुंचने में जरूर कामयाब होगा, लेकिन हुआ उल्टा। भारत को अपने शुरुआती दो मुकाबलों में क्रमशः पाकिस्तान एवं न्यूजीलैंड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि भारत ने बाद में लगातार तीन मैच जीते जो सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नाकाफी थे।

सुपर-12 स्टेज में दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप-1 में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और अफगानिस्तान हैं। यानी कि यह ग्रुप-1 %डेथ ऑफ ग्रुप% है। वहीं ग्रुप-2 में भारत, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं। सिडनी, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन सुपर12 स्टेज के मैचों की मेजबानी करेंगे। वहीं सेमीफाइनल मैच एडिलेड ओवल और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले की बात करें तो वह 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होना है। भारतीय टीम इस वर्ल्डकप में सालों से चल रहे खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरने जा रही है। पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को शुरुआती मुकाबला खेलने के बाद 27 अक्टूबर को नीदरलैंड से उसका मैच होगा। फिर रोहित ब्रिगेड 30 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका और 2 नवंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। टीम इंडिया सुपर-12 स्टेज का आखिरी मैच छह नवंबर को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी।

### इंडिया VS पाकिस्तान महामुकाबला

## पहला वर्ल्डकप खेल रहे अर्शदीप ने पाक ओपनर्स बाबर और रिजवान को आउट किया

**मेलबर्न** । 20 वर्ल्ड कप 2022 की सबसे बड़ी भिड़ंत भारत-पाकिस्तान मुकाबला शुरू हो चुका है। रोहित ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बॉलर्स ने फैसला सही साबित किया। अर्शदीप ने पाकिस्तान के दोनों ओपनर्स बाबर आजम और रिजवान को पैवेलियन भेज दिया है। बाबर आजम अर्श की पहली गेंद पर जीरो पर आउट हुए। रिजवान चौथे ओवर में 4 रन बनाकर पैवेलियन लौटे। पाकिस्तान ने 7 ओवर में 41 रन बनाए। क्रीज पर इफ्तिकार और शान मसूद मौजूद हैं। करीब 1 लाख दर्शक स्टेडियम में और लगभग 30 करोड़ लोग TV और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसका लुत्फ उठा रहे हैं। मौसम के फ्रंट पर भी राहत की खबर है। कल तक मैच के दौरान बारिश के आसार 90% थे। अब इसकी आशंका घटकर 15% रह गई है।मेलबर्न के मैदान में एक लाख से अधिक लोग हैं। यहां पर भारतीयों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। पूरे मेलबर्न शहर को तिरंगा झंडो से पाट दिया गया है।



### टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का पलड़ा भारी

दोनों टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में अभी तक 6 बार आमने-सामने हुई हैं। भारत ने पांच बार बाजी मारी है वहीं पाकिस्तान को एक मुकाबले में जीत नसीब हुई है। भारतीय क्रिकेट टीम को पिछले साल विराट कोहली की कप्तानी में् श्व में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली थी। टी-20 फॉर्मेट में ओवरऑल दोनों टीमों की बीच 11 मुकाबले खेले गए हैं। 7 मैच में भारत को जीत मिली है। 3 मैच पाकिस्तान ने जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है। इसमें भारत ने बॉल आउट में जीत हासिल की थी।भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले में फैंस में इतनी उत्सुकता रहती है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भी मेजबानी करने में दोहरी खुशी होती है. हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि मेलबर्न के आधिकाकिर ट्वीटर हैंडल से एक ऐसा वीडियो शेयर किया गया है. जिसको देखकर आप भी ऐसे ही अनुमान लगाएंगे. मेलबर्न के आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से जो वीडियो शेयर किया गया है, उसमें आप देख पाएंगे कि मेलबर्न के सड़कों पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों की पेंटिंग दिखेगी. इस पेंटिंग में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं.।

## आयरलैंड ने श्रीलंका को 129 रनों का लक्ष्य दिया

**होबर्ट** । आयरलैंड टीम ने यहां टॉस जीतकर टी20विश्व कप क्रिकेट के सुपर-12 में श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 128 रन बनाये। इस प्रकार श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 129 रनों का लक्ष्य मिला है। आयरलैंड की ओर से हैरी टेक्टर ने 45 व पॉल स्टर्लिंग ने 34 रन बनाये। वहीं श्रीलंका की ओर से महेश थीक्षाना ने दो विकेट लिए जबकि अन्य गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। आयरलैंड टीम पहली बार सुपर-12 में पहुंची है। उसने पूर्व चैम्पियन वेस्टइंडीज को हराकर यहां तक का सपर तय किया है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं = आयरलैंड- एंड्रयू बालबर्नी (सी), मार्क अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलनी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, कॉनर ओल्फर्ट, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर , लोर्कन टकर, क्रेग यंग। **श्रीलंका-** दासुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणथिलका, पथुम निस्सांका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा (फिटनेस के अधीन), लाहिरू कुमारा (फिटनेस के अधीन), दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदु।



इटली के तुरिन स्थित अलायंज स्टेडियम में जुवेंटस और इंपोली के बीच फुटबाल मुकाबला खेला गया. इस मुकाबले में जुवेंटस के मोइज कीन इंपोली के कोनी डी विन्टर के साथ गेंद छीनने के लिए संघर्ष करते हुए।

## व्यापार न्यूज

### धनतेरस के दो दिनों में हो सकता है 40,000 करोड़ का कारोबार: सीएआईटी

**मुंबई** । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने कहा कि दो दिन तक चलने वाले धनतेरस के पर्व पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। दिवाली के पहले आने वाले धनतेरस के अवसर पर नई वस्तुओं, विशेष रूप से सोना, चांदी के आभूषण, सभी प्रकार के बर्तन, वाहन, कपड़े और रेडीमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली के सामान आदि खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। इस साल धनतेरस सप्ताहांत पर आई है, जिसका मुहूर्त शनिवार दोपहर 2 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक है। सीएआईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि धनतेरस के दो दिवसीय त्योहार पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि शनिवार और रविवार को धनतेरस पर बिक्री को लेकर देश भर के आभूषण व्यापारियों में काफी उत्साह है और इसके लिए उद्योग जगत ने व्यापक तैयारी की हुई है।

### देश में 5जी सेवा की लॉन्चिंग से रोजगार बढ़ने की संभावनाएं

**नई दिल्ली** । रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की टेलीकॉम इकाई रिलायंस जियो ने शनिवार को राजस्थान के नाथद्वारा में 5जी नेटवर्क पर आधारित वाई-फाई सेवाओं की शुरुआत की। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने नाथद्वारा में 5जी वाली वाई-फाई सेवाओं की शुरुआत की। हाल ही में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और वाराणसी में भी 5जी सर्विस लॉन्च की गई थी। देश में 5जी सेवा की लॉन्चिंग से इंटरनेट स्पीड तो बेगी ही साथ ही इससे रोजगार बढ़ने की भी आपार संभावनाएं हैं। टेलीकॉम सेक्टर में सीधे रोजगार के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रोजगार भी देखने को मिलेंगे। मोबाइल टावर, मोबाइल हैंडसेट्स, नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, 5जी सिक्योरिटी, साइबर सिक्योरिटी, जैसे अवसर काफी तेजी से बढ़ेंगे। सरकार के अनुमान के मुताबिक टेलीकॉम कंपनियां अगले 2 से 3 साल में ढाई से 3 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगी जिससे 80 हजार लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। दूरसंचार क्षेत्र में पिछले 12 महीनों में देश में रोजगगार में वृद्धि देखी गई है। एक वेबसाइट के मुताबिक पिछले एकड़ साल में 5जी और दूरसंचार क्षेत्र से जुड़ी जॉब पोस्टिंग में 33 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# सोना या क्रिप्टोकरेंसीज में निवेश के लिए कौन बेहतर?

**नई दिल्ली** । आमतौर पर अधिकतर निवेशक क्रिप्टो में निवेश को गोल्ड में निवेश की तरह लेते हैं। सोने में निवेश ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है लेकिन गोल्ड की चमक को कम करते हुए, क्रिप्टोकरेंसी ने गोल्ड से भी बेहतर रिटर्न दिया और यही वजह है कि क्रिप्टोकरेंसी ने कई निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत में धनतेरस पर सोना खरीदना कुछ बहुत ही सामान्य है क्योंकि पीली धातु धन, सुरक्षा और वित्तीय कल्याण का प्रतीक है लेकिन अकेले सोने को निवेश के लिए बेहतर नहीं माना जा सकता है. कई लोग बिटकॉइन को डिजिटल गोल्ड भी कहते हैं, क्योंकि इसका भी दूसरे एसेट से कोई खास संबंध नहीं है। बीते कुछ सालों से और खासकर कोविड काल में सोना ने अच्छा रिटर्न दिया है। सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर इसे खूब पसंद किया गया है लेकिन इस बीच बिटकॉइन ने तो इससे भी ज्यादा रिटर्न दिया है। यही कारण है कि अब लोग बिटकॉइन में ज्यादा से ज्यादा



निवेश करने में दलिचस्पी भी ले रहे हैं लेकिन बिटकॉइन में निवेश को लेकर अपने जोखिम भी हैं।

19 अक्टूबर, 2017 की दिवाली पर बिटकॉइन में 312.5 फीसदी की बढ़त देखी गई, जबकि सोने में 29.5 फीसदी की वृद्धि देखी गई। इसके अलावा, 6 नवंबर, 2018 को दिवाली पर, बिटकॉइन ने 196.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की, जबकि सोने में 36.1 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि 2017 की तुलना में अभी बिटकॉइन से ज्यादा गोल्ड बत दर्ज की गई। 27 अक्टूबर, 2019 को दिवाली पर बिटकॉइन और गोल्ड दोनों ने अपने लाभ में क्रमशः 99.9 फीसदी और 11 फीसदी की कमी देखी। दिवाली 2019 के दौरान बिटकॉइन ने अभी भी बेहतर प्रदर्शन किया है। कानूनी प्रावधान, पारदर्शिता और सुरक्षा की बात करें तो क्रिप्टोकरेंसी की तुलना में सोना बहुत आगे है। सोना और क्रिप्टोकरेंसी को हासिल करना आसान नहीं है। मार्केट में दोनों ही निवेश विकल्प की लिक्विडिटी अच्छी है। क्रिप्टोकरेंसी में ज्यादा उठा-पटक देखने को मिलता है। सोना बहुत लंबे समय तक निवेश का साधन बना हुआ है।

## राजस्थान में सस्ता तो बिहार में महंगा हुआ पेट्रोल

**नई दिल्ली** । वैश्विब बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। ब्रेंट क्रूड 93.50 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 85.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर सरकारी तेल कंपनियों ने कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किए हैं। राजस्थान में 0.66 रुपए सस्ता होकर पेट्रोल 108.37 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.60 रुपए घटकर होकर 93.62 रुपए पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 0.55 रुपए घटकर 106.42 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.52 रुपए की गिरावट के साथ 92.94 रुपए का हो गया है। उधर, बिहार में पेट्रोल की कीमत 0.36 रुपए की तेजी के साथ 109.23 रुपए प्रति लीटर और डीजल की 0.34 रुपए बढ़कर 95.88 रुपए हो गई है। पंजाब, पश्चिम बंगाल व मध्य प्रदेश समेत अन्य कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ है। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयर में आया उछाल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने मांगा स्पष्टीकरण

**मुंबई** । ड्रोन बनाने वाली कंपनी जेन टेक्नॉलीजी लिमिटेड के शेयर में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का माहौल रहा। 17 अक्टूबर के दिन कंपनी का शेयर भाव 196 रुपये पर था, जो अगले ही कारोबारी दिन यानी 18 अक्टूबर को 211 के भाव तक पहुंच गया। जेन टेक्नॉलीजी लिमिटेड के शेयर में अचानक आई इतनी बड़ी तेजी को देखकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने स्पष्टीकरण मांगा। कंपनी की ओर से सफाई देते ही यह शेयर एक बार फिर बिकवाली के मूड में आ गया। इस वजह से निवेशकों की बड़ी रकम डूब गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर का भाव 201.45 रुपये था, जो एक दिन पहले के मुकाबले 2.61 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है। वहीं, कंपनी का मार्केट कैपिटल भी 1,601.73 करोड़ रुपये पर ठहर गया। बता दें कि 15 दिसंबर 2021

## साप्ताहिक समीक्षा : बीते सप्ताह तेल तिलहन कीमतों में सुधार का रुख रहा

**नई दिल्ली** । बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति पैदा होने से बीते सप्ताह दिल्ली तेल तिलहन बाजार में खाने के तेल की कीमतों में बढ़त का रुख देखने को मिला। गुजरात में दिवाली के मौके पर सप्ताह भर मंडियों के बंद होने से मांग प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल तिलहन के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। जबकि सामान्य कारोबार के बीच बाकी खाने के तेल तिलहनों के भाव पिछले सप्ताहांत के स्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार कहते हैं कि सरकार ने घरेलू बाजार में खाने के तेल आपूर्ति बढ़ाने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सालाना 20-20 लाख टन सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के शुल्क-मुक्त आयात की छूट दे दी है लेकिन मासिक मांग के मुकाबले यह आयात काफी कम है। सूत्रों के मुताबिक पिछले सप्ताहांत के शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 225 रुपए बढ़कर 7,100-7,125 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल समीक्षाधीन सप्ताहांत में 400 रुपए बढ़कर 14,700 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल



की कीमतें भी क्रमश- 50-50 रुपए बढ़कर क्रमश- 2,250-2,380 रुपए और 2,320-2,435 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। डीओसी की निर्यात मांग के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव क्रमश- 175-175 रुपए के सुधार के साथ क्रमश- 5,300-5,350 रुपए और 5,100-5,150 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में भी सुधार रही। सोयाबीन दिल्ली का थोक भाव 600 रुपए बढ़कर 14,200 रुपए, सोयाबीन इंदौर का भाव 750 रुपए बढ़कर 14,000 रुपए और सोयाबीन डीगम का भाव 600 रुपए बढ़कर 12,600 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मंडियों में छुट्टियों के मद्देनजर मांग प्रभावित होने से समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहनों कीमतों में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताहांत में मूंगफली तिलहन का भाव 125 रुपए घटकर 6,870-6,935 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पूर्व सप्ताहांत के बंद भाव के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल गुजरात 650 रुपए घटकर 16,000 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ जबकि मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड का भाव 140 रुपए की गिरावट के साथ 2,560-2,820 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 600 रुपए के सुधार के साथ 9,100 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि पामोलीन दिल्ली का भाव 500 रुपए बढ़कर 10,700 रुपए और पामोलीन कांडला का भाव 600 रुपए बढ़कर 9,800 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 350 रुपए बढ़कर 13,100 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## पश्चिम रेलवे में ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत

**मुंबई** । त्योहारी मौसम को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत बढ़ा दी है। इससे यात्रियों को स्टेशन छोड़ने या रिसीव करने जाने वालों को बड़ा झटका लगा है। पश्चिम रेलवे ने कहा कि त्योहारी मौसम के दौरान भीड़भाड़ पर अंकुश लगाने के लिए मुंबई मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत 31 अक्टूबर तक 10 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए कर दी गई है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुंबई मंडल के मुंबई सेंट्रल, दादर, बोरीवली, बांद्रा टर्मिनस, वापी, वलसाड, उधना और सूरत स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की दर में बढ़ोतरी की गई है। रेलवे स्टेशनों पर त्योहारी मौसम की भीड़ को देखते हुए और प्लेटफॉर्म और पैदल पुल सहित रेलवे परिसर में यात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। मध्य रेलवे ने शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, ठाणे, कल्याण और पनवेल स्टेशन जैसे चुनिंदा रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ को रोकने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की दर को 22 से 31 अक्टूबर तक 10 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए करने की घोषणा की थी। बता दें कि फेस्टिव सीजन के दौरान रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कई गुना वृद्धि देखी जा रही है। बढ़ी हुई भीड़ से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को कंट्रोल और रेगुलेट करने के लिए कई उपाय किए हैं। रेल मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जहां तक संभव हो, ट्रेनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। प्लेटफॉर्म नंबरों की सूचना पहले से दी जाएगी। प्लेटफॉर्म नहीं बदले जाएंगे। स्पेशल ट्रेनों सहित सभी रेकों को निर्धारित प्रस्थान से कम से कम 30 मिनट पहले प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। उचित ट्रेन इन्क्वारी सिस्टम और अनाउंसमेंट सिस्टम सुनिश्चित की जा रही है और सभी ट्रेन इंफॉर्मेशन बोर्ड काम करने की स्थिति में होंगे और अपडेटेड जानकारी दिखाएंगे।

# रातो की नींद उड़ा सकती हैं बलगम की समस्या, इन घरेलू नुस्खों से मिलेगा छुटकारा



मॉनसून का मौसम जारी है जहां संक्रमण की वजह से मौसमी बीमारियों का खतरा बना रहता हैं। खासतौर से इन दिनों में खांसी, जुखाम और बुखार का सामना करना पड़ता हैं। इसी के साथ ही कई लोगों को बलगम की समस्या भी होने लगती हैं जिसमें सीने में काफ जमने लग जाता हैं और सांस लेने में भी परेशानी होती हैं। कई लोगों को तो बलगम के कारण रात को नींद तक नहीं आती हैं। इससे निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह की दवाओं की मदद लेते हैं। लेकिन आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खें लेकर आए है जिनकी मदद से बलगम की दिक्कत को आसानी से दूर किया जा सकता है। आइये जानते है इन उपायों के बारे में...

### काली मिर्च

सीने में कफ जमा होने की समस्या में काली मिर्च का सेवन बहुत लाभकारी है। आधी चम्मच सफेद कालीमिर्च को पीस लें। इसमें 1 चम्मच शहद मिला लें। इस मिक्सचर को 10-15 सेकेंड माइक्रोवेव करें। फिर पी लें। इसे पीते ही आपको फौरन आराम मिलेगा। बलगम से पूरी तरह छुटकारा पाने के लिए इस मिक्चर को एक हफ्ते तक दिन में तीन बार जरूर लें। यह सर्दी-जुकाम, गले की खराश, सूजन और कफ से छुटकारा दिलाने में बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है।

### नमक के पानी से गरारे

सीने में जमे बलगम को डिस्चार्ज करने के लिए आप नमक के पानी से गरारे करें। इसके लिए आप गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर इससे दिन में दो-तीन बार तक गार्गल करें। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

### अदरक और शहद

ताजा अदरक का रस और शहद लेकर इसे मिक्स कर लें। फिर इसे सुबह शाम लें। अदरक का रसबलगम को तोड़ने में मदद करेगा और शहद की स्क्रैपिंग कार्रवाई इसे साइनस से बाहर निकालने में मदद करेगा। जी हां आपकी किचन मौजूद अदरक सब्जी का स्वाद बढ़ाने के साथ हेल्थ से जुड़ी कई समस्याओं का रामबाण इलाज है। इसकी तासीर गर्म होती है। अदरक खाने से खांसी-जुकाम और बलगम जैसी परेशानियों से बचा जा सकता है। साथ ही इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी होता है जो जमा टॉक्सिन को साफ करता है और बलगम दूर करता है।

### भाप लेना

गर्म भाप लेने से बलगम ढीला हो जाता है और आसानी से बाहर आ सकता है। यह सर्दी जुकाम को ठीक करने और बलगम को बाहर निकाने का सबसे असरदार घरेलू नुस्खा है। सोने से पहले रात में भाप लेना अधिक प्रभावी होता है इसके अलावा आप दिन में 3 से 4 बार भाप लेने का प्रयास जरुर करें। बलगम का घरेलू उपचार करने के लिए विक्स को गर्म पानी में मिला कर और अपने सर को एक तोलिये या टाबिल की मदद से पूरी तरह ढक कर भाप लें। आप चाहे तो केवल गर्म पानी की भाप भी ले सकते है।

### हल्दी

हल्दी में बहुत ही प्रभावी एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो बलगम में मौजूद बैक्टीरिया को मारते हैं। इस तरह कफ बनना रुक जाता है। इसके साथ ही हल्दी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करती है। सबसे पहले एक चम्मच हल्दी को एक ग्लास दूध में डाल दें। फिर इस मिश्रण को सुबह और रात को सोने से पहले पिएं। या फिर आप पूरे दिन में दो से तीन बार आधा चम्मच हल्दी को पानी के साथ खाएं।

### नीलगिरी का तेल

नीलगिरी के तेल की कुछ बूंदों को स्टीमर में डालकर इसकी स्टीम लें। स्टीम की गर्मी किसी भी अटके हुए बलगम को ढीला और चिकना करने में मदद करती है। नीलगिरी का तेल इसे तोड़ने का काम करता है। इसके अलावा नीलगिरी के तेल में एंटी-वायरस और एंटी-बैक्टीरियल हीलिंग गुण ब्लॉकेज में सुधार करते हैं।

### तुलसी और अदरक की चाय

तुलसी और अदरक दोनों ही एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होती हैं। यह सर्दी-खांसी, जुकाम आदि में तुलसी और अदरक की चाय पीने से बहुत आराम मिलता है। आप चाहें तो दोनों का काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं। इससे कफ आसानी से बाहर निकलता है।

# पुरानी साड़ी से बनायें कुर्ता और दुपट्टा



अगर आपके पास पुरानी साड़ी है तो इसे ऐसे ही फेंकने के बजाए दोबारा इस्तेमाल में ला सकते हैं। आप चाहें तो इससे कुर्ता या दुपट्टा तैयार कर सकती हैं। पुरानी साड़ी से आप ट्रेंडी अनारकली या कुर्ता बनाकर इसे पलाजो के साथ पहन सकती हैं।

- वहीं अगर यह एक जॉर्जेट या शिफॉन साड़ी है तो आप इससे शरारा या दुपट्टा बना सकती है, जिसे आप कुर्ती के साथ ले सकती हैं।
- सिल्क की साड़ी होने पर आप इससे दुपट्टा तैयार कर इसे प्लेन सॉलिड कलर वाले कुर्ते और पैंट के साथ पेयर कर के पहन सकती हैं।
- अगर बनारसी साड़ी है, तो फिर आप पूरी लंबाई वाले बॉर्डर को काटकर निकाल लें और इसे शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी पर लगा लें. जो बच गया है, उससे आप कुशन कवर, दुपट्टा या क्लॉथ बैग तैयार कर सकती हैं।
- बॉर्डर से आप चाहें तो लड़कियों का लहंगा, कुर्ता, बेड रनर तैयार कर सकती हैं या इसका एक विकल्प पर्दे भी हो सकते हैं.
- पुरानी साड़ियों के बॉर्डर नई साड़ियों पर लगाकर इस्तेमाल में लाए जा सकते हैं।
- पेटीकोट के बजाय जींस के ऊपर से साड़ी लपेटें। इसके अलावा आप दो अलग साड़ियों को आधे-आधे हिस्से में काटकर इस्तेमाल में ला सकती हैं या दो कंट्रास्ट दुपट्टों को इस्तेमाल में ला सकती हैं। उन्हें साड़ी की तरह लपेट लें। बेहतर लुक के लिए इनके साथ कुछ अभूषण पहन सकती हैं।

## ये बातें अपने तक ही रखें



- औरतों के बीच अक्सर सबसे फेवरेट टॉपिक उनके पति या ब्वॉफ्रेंड ही होते हैं पर बातों-बातों में उनके मुंह से कई बार अपने पार्टनर के बारे में वो बातें निकल जाती हैं, जिनके लिए उन्हें बाद में पछतावा होता है।
- अक्सर पति से झगड़ा होने के बाद पत्नियां अपने मायके चली जाती हैं और वहां जाकर अपना दुख सबको बताने लगती हैं। जरा सी सांत्वना पाने के चक्कर में वह आगे के लिए अपना रास्ता खुद खराब कर लेती हैं।
- पति से मनमुटाव या झगडो़ के बारे में मायके डंका पीटने से दूसरों की नजरों में आपके पति की इज्जत कम होती है। भविष्य में वो झगड़ा खत्म होने के बाद आप चाहकर भी अपने पति के सम्मान को बढ़ा नहीं पाएंगी। इसलिए घर की बातें घर में ही रहने दें।
- अपने पति की तनख्वा का जिक्र कभी दूसरों के सामने न करें। मौजूदा दौर में एक व्यक्ति का रुतबा ऐसी ही चीजों से तय होता है। व्यवहार में भले ही वो इंसान कितना भी बेहतर क्यों न हो, लोग उसकी जेब में झांककर जरूर देखते हैं।
- यदि आपके पति को किसी चीज से डर या भय है तो इसे अपने तक ही सीमित रखें। दूसरों तक यह बात जाने से उनकी निजता और प्रतिष्ठा तो खराब होगी ही। साथ ही साथ वो अवसाद का शिकार भी हो सकते हैं।

# तेजी से वजन बढ़ाने के लिए पिएं केला खजूर मिल्कशेक, मिलेंगे कई फायदे

अगर आप दुबले-पतले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको केला और खजूर से बने मिल्कशेक का सेवन जरूर करना चाहिए। केले में मौजूद फाइबर और कैलोरी की अधिक मात्रा आपको वेट गेन करने में मदद कर सकती है। वहीं खजूर में कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो मांसपेशियों के विकास में सहायक साबित हो सकते हैं। कई बार आपने देखा होगा कि लोगों को वर्कआउट के बाद केला और खजूर से बने मिल्कशेक का सेवन करने को कहा जाता है। दरअसल इससे शरीर अंदर से मजबूत होता है और आप स्वस्थ तरीके से वजन बढ़ा पाते हैं। केला औक खजूर मिल्कशेक वजन बढ़ाने के साथ आपके हार्ट हेल्थ, हड्डियों के विकास और स्किन के लिए काफी लाभकारी हो सकता है। इससे आपको पूरे दिन भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलती है। इसके अलावा इनमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन बी6, विटामिन सी पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। केला और खजूर से बने मिल्कशेक में आप ड्राई फरूट्स भी डाल सकते हैं।



**1. मसल्स मजबूत बनाए:** वजन बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप मसल्स गेन करने वाली चीजों का स्वस्थ तरीके से सेवन करें। ताकि आपका शरीर सुडौल नजर आए। इसके लिए आपको केला और खजूर से बना मिल्कशेक जरूर पीना चाहिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन और कार्ब्स पाए जाते हैं। इसके अलावा इनमें विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। इसे आप सुबह के नाश्ते में ले सकते हैं।

**2. खून की कमी दूर करे:** कई लोगों का वजन इसलिए भी नहीं बढ़ पाता है क्योंकि उनके शरीर में सही मात्रा में खून नहीं बन पाता है। इसके अलावा हीमोग्लोबिन की कमी के कारण वजन कम हो सकता है। लेकिन केला और खजूर में आयरन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो खून की कमी को दूर कर सकते हैं। इससे आप स्वस्थ तरीके से वजन बढ़ा पाते हैं।

**3. इम्यून सिस्टम मजबूत :** अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, तो उस स्थिति में भी आपका वजन नहीं बढ़ पाता है। बल्कि इस स्थिति में आप बार-बार बीमार पड़ सकते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए आपको अपने आहार में केला और खजूर से बने मिल्कशेक का सेवन करना चाहिए। दरअसल केला, खजूर और दूध, इन तीनों चीजों का मिश्रण आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। इससे आप वायरल बीमारियों से भी बच सकते हैं और स्वस्थ रहते हैं।

**4. एनर्जी से भरपूर :** केला और खजूर मिल्कशेक वजन बढ़ाने के साथ-साथ आपको दिनभर एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं। दरअसल केला और खजूर में प्रचुर मात्रा में का कार्ब्स और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपको पूरे दिन एनर्जी देते हैं।

# नाखून भी बढ़ाते हैं खूबसूरती



नाखून अगर खूबसूरत हों, पूरी तरह शेप में हों और मजबूत हों तो हाथों की खूबसूरती और बढ़ जाती है। लंबे नाखूनों को आप तरह-तरह के नेल आर्ट बनाकर सजा भी सकती हैं। इसी कारण लंबे और खूबसूरत नाखून पर किसी की चाहत होती है पर

- बहुत सी लड़कियों को ये शिकायत होती है कि उनके नाखून बढ़ने के साथ ही टूट जाते हैं। ऐसे में कभी भी वो परफेक्ट शेप मिल ही नहीं पाती जिसकी उम्मीद होती है। पर क्या आपने कभी ये सोचा है कि नाखून टूटते क्यों हैं? कई बार हॉर्मोनल कारणों की वजह से तो कई बार पोषण की कमी के चलते नाखून टूट जाते हैं। प्राकृतिक उपायों के जरिये आप नाखूनों को ठीक कर सकती हैं।
- लहसुन की एक कली लें, उसके छिलके उतार दें। कली को बीच में से काट ले और इसे अपने नाखूनों पर 10 मिनट तक रगड़ें। ऐसा करने के 10 दिन के भीतर ही वह मजबूत होने लगेंगे।
- अंडे के सफेद हिस्से को एक कटोरी में निकाल लें। इसमें दो चम्मच संतरे का रस मिला लें। इस घोल को अपने नाखूनों पर 5 मिनट तक लगा कर छोड़ दें. इसमें विटामिन सी होता है जो कोलजिन का प्रोडक?शन करता है जिससे नाखून मजबूत बनते हैं.
- अपने नाखूनों पर जैतून का तेल लगा कर मालिश करें। इसमें विटामिन ई होता है जो नाखूनों को पोषण प्रदान करता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ते हैं।
- नारियल तेल से नाखूनों की मसाज करने पर फायदा होता है। एक चम्?मच घिसा लहसुन लें और उसमें एक चम्?मच वेनिगर मिलाएं। इसे अपने नाखूनों पर लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हाथों को साफ पानी से धो लें। नाखून खूबसूरत नजर आयेंगे।

# ड्रेस वही पहनें, जो आरामदेह लगे

आजकल महिलाएं भी पुरुषों की तरह ही पैंट-शर्ट पहन रहीं हैं और इसमें वे अपने को आधुनिक व शक्तिशाली अनुभव करती हैं पर फैशन डिजायनरों के अनुसार यह धारणा सही नहीं है। उनका मानना है कि महिलाएं अपने आत्मविश्वास से एक ही वक्त में खूबसूरत और शक्तिशाली दोनों लग सकती हैं। इसलिए ड्रेस वही पहनें, जो कम्फर्टेबल हो और आपकी पर्सनैलिटी को अच्छा लगे। जरूरी नहीं कि आप पैंट-शर्ट पहनकर ही अपने को शक्तिशाली साबित करें। पर्सनैलिटी तभी उभरकर आएगी, जब आपका ड्रेस सिलेक्शन और उसको पहनने का तरीका सही होगा। तो नजर डालें कुछ ऐसे ट्रेंड्स पर, जो आपके ओवरऑल लुक को निखारेंगे।



### सिंगल कलर ड्रेस

इसमें ऊपर से नीचे तक एक सिंगल कलर (एक रंग) की ही ड्रेस पहनी जाती है। फैशन की दुनिया में इसे मोनोक्रोमैटिक ट्रेंड कहा जाता है। ऊपर से नीचे तक सिंगल कलर ड्रेस में अगर आपको लगता है कि आप परफेक्ट लुक नहीं पा सकेंगी, तो उसी रंग में कॉन्ट्रास्ट के विकल्प पर जाएं। अपने आउटफिट में एक ही कलर की दो डिफरेंट शेड्स को कैरी करें। उदाहरण के लिए नेवी ब्लू के साथ स्काई ब्लू या फिर ऑलिव ग्रीन को लाइम ग्रीन या मेटैलिक गोल्ड को येलो के साथ पहनें। इस तरह आपको सिंगल कलर में बढ़िया स्टाइलिश गेटअप मिलेगा।

### फुटवेअर का कलर हो अलग

एक रंग की ड्रेस कैरी करते वक्त उसी कलर का फुटवेअर कैरी न करें। यानी वाइट ड्रेस के साथ वाइट शूज न पहनें। इसकी बजाय गोल्ड या सिल्वर जैसे मेटैलिक शेड्स ट्राई कर सकती हैं। ऑल ब्लैक के साथ आप मेटैलिक कलर में फुटवेअर पहन सकती हैं। सही लेयरिंग की मदद से भी आप अपने इस लुक को और निखार सकती हैं। लेयरिंग के लिए हमेशा ऐसी अक्सेसरीज चुनें जो आप आत्मविश्वास के साथ पहन सकें। एक रंग की कोई भी अक्सेसरीज या कोई भी कपड़े को साथ पहन लेने भर से बात नहीं बनेगी।

### स्टाइल से समझौता नहीं

हर दिन आपको फॉर्मल दिखना ज़रूरी नहीं, कभी-कभी थोड़ा केयर फ्री होना भी ज़रूरी है। कंफर्ट के लिए लोग अब स्टाइल से समझौता करने को तैयार हैं। यंगस्टर्स ओवरसाइज ड्रेस को स्टाइलिश तरीके से अपना रहे हैं। बड़े ब्रांड्स ने अपने डिजाइनर कलेक्शन में इसे शामिल कर लिया है। हील्स से ज्यादा फ्लैट फुटवेअर को तरजीह दी जा रही है। इसलिए इन्हें फैशनेबल बनाने के लिए कई एक्सपेरिमेंट्स किए जा रहे हैं। कंफर्ट के साथ यह लगभग हर मौके पर कैरी किए जा सकते हैं। इसके अलावा काउ बॉय बूट्स और स्नीकर्स भी इस साल ट्रेंड में रहेंगे।

### सेम कलर, कंट्रास्टिंग टेक्सचर

जब आपको सिंगल कलर ड्रेस का डोमिनेटिंग लुक चाहिए हो और आपका मन शेड्स के साथ प्ले करने का न हो, तो टेक्सचर्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। ऐसे में कॉटन को सियूड, जर्सी को लेस और क्रोचेट वर्क को सिल्क के साथ कैरी कर सकती हैं। वैसे, और भी विकल्प आपके पास हैं। मसलन, जर्सी फैब्रिक की प्लीटेड ग्रे ट्राउजर्स के साथ सिक्विन टॉप पहनें। इसी तरह कॉटन पैंट्स के साथ सिल्क ब्लाउज व वीव जैकेट मैच कर सकती हैं।

## धर्म के नाम पर कहां से कहां पहुंच गए

सनत जैन

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की बेंच ने हेट स्पीच मामले मैं दायर याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा 21 वीं सदी में धर्म के नाम पर क्या हो रहा है। धर्म के नाम पर हम कहां से कहां पहुंच गए। हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, हेट स्पीच में दिए गए बयानों को सुनने के बाद इतनी विचलित हो गई, कि उसने कहा ऐसे नफरती भड़काऊ बयानों पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जाए। घृणा और नफरत का माहौल देश में हावी हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसी को तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं होने पर उनकी जिम्मेदारी तय करने की बात भी कही है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार धर्म को लेकर जिस तरह के नफरत और भड़काऊ बयानों की पिछले कुछ वर्षों में बाढ़ आ गई है। ऐसा लगता है कि कानून का एक वर्ग विशेष को कोई डर ही नहीं रह गया है। जांच एजेंसियों द्वारा प्रमाण होने के बाद भी कानूनी कार्यवाही नहीं करना, देश को नफरती और समाज को हिंसक बना रही है। देर आए दुरुस्त आये की तर्ज पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों की जो जिम्मेदारी तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने जो कड़ा रुख अपनाया है। उससे आशा की जा सकती है, कि हेट स्पीच देने वाले धर्मगुरु, राजनेता अथवा असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। धर्म के नाम पर देश में नफरत की जो खेती हो रही है। उसको रोका जा सकेगा। इसमें सरकार की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण है। शासन और प्रशासन के रुख पर ही जांच एजेंसियां और पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाती है। जांच एजेंसियों की जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी। न्यायपालिका के आदेश तब तक प्रभावी भी ही नहीं होंगे।धर्म के नाम पर भगवान के प्रति जो हमारी आस्था है। उसमें नफरत का कोई स्थान किसी भी अन्य धर्म के बारे में नहीं होता है। सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म है। समूह में अथवा कुल परंपरा में अपनी-अपनी आस्था के अनुसार धर्म का चयन स्वाभाविक रूप से होता है। अपने कुल गुरु, देवी-देवता, भगवान के प्रति आस्था जन्मजात बनती हैं। किसी भी धर्म को मानने वालों की आस्था ही उनका धर्म होता हैं। उसके धार्मिक गुण, उसके आचरण में होते हैं। सभी धर्म परोपकार की शिक्षा देते हैं। भाईचारे की शिक्षा देते हैं। कोई भी धार्मिक व्यक्ति कभी भी किसी के साथ धर्म के आधार पर नफरत नहीं कर सकता है।पिछले कुछ वर्षों में धर्म और आस्था के नाम पर जिस तरह का नफरती वातावरण एक दूसरे के प्रति देश में बनाया जा रहा है। उससे नफरत की खेती तेजी के साथ हो रही है। हर कोई एक दूसरे को मरने-मारने पर उतारू है। जैन धर्म में भावहिंसा को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जिस व्यक्ति के लिए हमारी जैसी हिंसक भावनाएं आती है। हिंसा का भाव जागृत होते ही हिंसा का दोष लग जाता है। भले हमने किसी को शारीरिक रूप से नुकसान ना पहुंचाया हो, तो वह भी भाव हिंसा मानी जाती है। ऐसी हिंसा किसी भी समाज को आगे बढ़ने से रोकती है। स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में जिस तरह से महात्मा गांधी ने दलितों, अछूतों, आदिवासियों एवं सभी धर्म के लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। सभी जाति समुदाय और धर्म के लोगों के प्रति महात्मा गांधी का जो प्रेम एवं समानता का भाव था। उसने अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया। सामाजिक व्यवस्था में सभी को अपने से जोड़ने की प्रवती होती है। तभी लोग जुड़ते हैं। जब हम नफरत करते हैं। तो हमसे लोग दूर हो जाते हैं। भारत विभाजन के बाद 2 साल तक हिंदू और मुसलमानों के बीच में दंगे हुए, या दंगे कराए गए।

# भगवान राम व श्रीकृष्ण भी मनाते थे दीपावली!

डा श्रीगोपाल नारसन



**शुभं करोतु कल्याणं आरोग्यं सुख संपदाम्।**
**दुष्ट शक्तिः विनाशाय दीप ज्योति नमोस्तुते।।**

हिंदू धर्म मे दीपावली पर्व शुद्ध रूप से सामाजिक एवं भौगोलिक पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसको द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण भी मनाया करते थे। त्रेता युग में भगवान राम ने भी दीपावली का मनाया था और इससे पहले सतयुग में दीपावली को मनाया जाता था। दीपावली का वास्तविक नाम है, शारदीय नवसस्येष्टि पर्व जिसका अर्थ है शरद ऋतु में आई हुई फसल का यज्ञ अर्थात् खरीफ की फसल तिलहन, दलहन, अनाज यथा धान, मक्का, चना, मसूर, जौ, उड़द, सोयाबीन, अरहर आदी का प्रेम से स्वागत करना, पूजा करना, सबसे पहले इन नई फसलों को प्राप्त करने के बाद इसे परमात्मा व देवताओं को भोग लगाना। भोग लगाने की विधि यज्ञ है। जो अग्नि देवताओं का मुख है। अग्नि को दी हुई आहुति परमात्मा व सभी देवताओं को प्राप्त होती है। इससे परमात्मा व सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं और जन कल्याण करते हैं। हमारी संस्कृति त्याग और दान की संस्कृति है। हम नई फसल से नए-नए पकवान खीर, हलवा, मिठाई लड्डू बताशा आदि बनाते है। अपने माता-पिता, गुरु- आचार्य, बड़े-बुजुर्ग, रिश्तेदार, असहाय, निर्बल, अनाथ, हमारे सेवक, कर्मचारी, पड़ोसी, हमारे रक्षक पुलिस, सेना को देकर यथायोग्य ग्रहण कराते है। सामाजिक स्तर पर कर्म के अनुसार किसान और व्यापारी इस पृथ्वी पर समृद्धि लाते हैं और अभाव को दूर करते हैं इनका सदकार्य ही यही है-

**पशुनां रक्षणं दानं इज्याद्यध्ययनमेव च।**
**वणिक् पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च।।**

अर्थात - पशुओं का पालन एवं रक्षण तथा दान देना, यज्ञ करना, स्वाध्याय करना इस नियमित अङ्ग और व्यापार-वस्तुओं का आयात निर्यात और पैसों का निवेश करना यह व्यापारी एवं किसान के कार्य है।परंतु किसान की उपेक्षा करके कभी किसी समाज की शुभ दीपावली नहीं हो सकती। कुछ लोग लक्ष्मी का अर्थ, नोट करेंसी को मानते है ।लेकिन जब नोट नहीं थे, तब लक्ष्मी नहीं थी क्या? लक्ष्मी तब भी थी। तब तांबे, सोने, चांदी के सिक्के चलते थे। एक समय ऐसा भी था जब सिक्के नहीं थे, तब क्या लक्ष्मी नहीं थी? अवश्य थी। फिर लक्ष्मी क्या है लक्ष्मी है धान, अनाज। यही विशुद्ध रूप से लक्ष्मी है और इस लक्ष्मी को देने वाला किसान है।इसलिए इस दीपावली में आसपास के गरीब किसानों का संबल बने उनके पास जायें ,हो सके तो उनके कर्ज को हल्का या कम करने का प्रयास करें। उनके बच्चों को मिठाई कपड़ा इत्यादि दें।यह उनपर पर दया नही,बल्कि उनका अधिकार समझ कर दे।

### दीपावली के पर्व

धनतेरस - लोक में ऐसा प्रचलन है कि इस दिन स्वर्ण, चांदी, तांबे की खरीदी करना शुभ होता है। इसलिए लोग जमकर आभूषण इत्यादि खरीदते हैं। आइए! समझते हैं धनतेरस क्या है। धनतेरस में दो शब्द है पहला है धन जिस का सामान्य अर्थ लगाया जाता है पैसा रुपया सोना चांदी आदि और तेरस का अर्थ है त्रयोदशी धनतेरस के दिन त्रयोदशी तिथि होती है। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस मनाया जाता है। पर त्रयोदशी को स्वर्ण आदि आभूषण खरीदने से क्या लाभ और शुभ? क्या साल भर ज्वेलरी की दुकानें बंद रहती है? क्या दूसरे दिन खरीदना अशुभ है? बिल्कुल भी नहीं फिर धनतेरस का क्या मतलब? धन का सबसे पहला अर्थ है - शरीर, पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया माया तो दूसरे स्थान पर है। पहली संपत्ति तो हमारा शरीर है। आपसे कोई अपका एक हाथ मांग ले बदले में कई लाख रुपए देने की बात कहे तो आप कदापि नहीं मानेंगे। इसका मतलब पहला धन तो आपका शरीर ही है। इससे बड़ा कुछ नहीं है अब आप पूछेंगे? इसका धनतेरस से क्या मतलब है? आयुर्वेद के बहुत बड़े ज्ञाता ऋषि हुए हैं। धन्वंतरि और उन्होंने अपनी बात प्रारंभ की है। शरीर रूपी धन से। उन्होंने शरीर को सबसे बड़ा धन बताया है। इसलिए पहला धन तो शरीर है यदि आप स्वस्थ रहें निरोग है तो संपत्ति और भी कमा सकते हैं। कहावत तो आपने सुनी है जान है तो जहान है तो बताइए आपको पहला धन पवित्र आत्मा और शरीर हुआ ना। आपका सुंदर स्वास्थ्य ही आपका धन है। धन्वंतरि के स्मरण में हम त्रयोदशी को धनतेरस मनाते हैं। शरद ऋतु में शरीर का ध्यान रखना यह आयुर्वेद के अनुसार भी बहुत जरूरी है। क्योंकि शरद ऋतु में ध्यान रखा गया शरीर पूरे साल भर स्वस्थ रहता है। जीवेम शरदः शतम् इस मंत्र के भाग में शरद शब्द का उल्लेख है अर्थात् हम सौ वर्ष तक जिए हम सौ शरद ऋतु देखें। शरद ऋतु की उपेक्षा करके कोई व्यक्ति सौ वर्ष तक नहीं जी सकता। इसीलिए हमारा पहला धन शरीर है। ध्यान रहे! हमारा पहला धन शरीर है परंतु व्यक्ति संपत्ति कमाने के लिए इस अमोल शरीर और मानव जन्म को दांव पर लगा देता है। फिर शरीर ठीक करने के लिए पूरी संपत्ति को गवां देता है। इसलिए आइए असली धन को समझें और धनतेरस ऐसे ही मनाएं। कालांतर में लोगों ने स्वर्ण आभूषणों को बड़ा धन मान लिया।

### लक्ष्मी पूजा

लक्ष्मी पूजा दीपावली जो मुख्य पर्व है इस दिन आप लोगों को दो बार यज्ञ हवन करना होगा। एक बार प्रातः काल घर में और दूसरी बार आपके प्रतिष्ठान व्यवसाय ऑफिस दुकान फैक्ट्री आदि में। जहां पर बैठ करके आप अपना कार्य करते हैं। दीपावली से पहले ही आप अपने घर की साफ-सफाई, रंगरोगन, आदि कर लें। क्योंकि वर्षा ऋतु अभी गई है और साफ-सफाई की बड़ी आवश्यकता है। रात्रि को पवित्र मन से शयन करें। पर्वों पर और अमावस्या, पूर्णिमा और अष्टमी इन पर्व तिथियों पर कम से कम पति और पत्नी का सहवास वर्जित है,एवं पाप है। इस दिन पवित्र रहे प्रातः काल 4 बजे उठे प्रार्थना करें। योग प्राणायाम करें। सभी मिलकर के आनंदोत्सव से मिठाइयां पकवान बनाए घर में यज्ञ हवन करें। विद्वानों को बुलाकर के हवन करवाएं। आपकी हवन सामग्री में बताशे धान मूंग मसूर दाल जो नई फसल है उसको मिलाएं और दीपावली शारदीय नव सस्येष्टि के मंत्रों से आहुतियां दें। परिवार के कल्याण के लिए समाज के कल्याण के लिए देश के कल्याण के लिए परमात्मा से प्रार्थना करें। साथ में यह भी कहें कि पहले सुधार मेरे से शुरू होगा। लक्ष्मी पूजा - लक्ष्मी का अर्थ है जो आपके लक्ष्य की पूर्ति में आपका सबसे सहायक साधन हो, वह लक्ष्मी है। बिना शुद्ध लक्ष्य के शुद्ध लक्ष्मी भी प्राप्त नहीं होती है। इसलिए हमारा लक्ष्य भी ऊंचा और श्रेष्ठ होना चाहिए। अपने घर को सजाएं। घी के दीपक जलाएं। दिवाली वाले दिन अमावस्या तिथि होती है और यह अमावस्या 12 महीने में जो 12 अमावस्यायें आती है उसमें यह सबसे काली अमावस्या होती है। सबसे प्रगाढ अंधकार वाली अमावस्या होती है। हम चाहते हैं कि हम घी के दीपक जला करके इस अंधकार को दूर करें। तमसो मा ज्योतिर्गमय हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें। हमारे मन से अंधकार मिटे, हमारे समाज से अज्ञान, अंधकार, अभाव दूर हो यही दीपावली का संदेश है। दीप का अर्थ है दीपक और अवली का अर्थ है पंक्ति, जिस पर्व में दीपक की बड़ी-बड़ी पंक्तियां लगाकर घृत के दीपक जलाते हैं उसे दीपावली कहते हैं। गोवर्धन पूजा- हमारे पूर्वजों ने हमारे पर्वों को कितना सुंदर सजाया है, कितना सामंजस्य बैठाया है।

## भय को पहचानो

बहुत तरह के मानसिक भय हमें चारों तरफ से दबाए हुए हैं।उन्हें हमें पहचान लेना पड़ेगा।उन्हें हम बिना पहचाने छोड़ भी न सकेंगे।जिस भय को हम पहचान लेंगे, वह छूट जाएगा।लेकिन हम उन्हें पहचान नहीं पाते, नये-नये नाम दे देते हैं।और नाम धोखे के हैं।हम इतनी ज्यादा चालाकी में जिए हैं हजारों वर्षों में कि चीजों पर ठीक-ठीक नाम नहीं रहने दिये। हर डिब्बे पर नाम बदल दिया है। अंदर कुछ और है, ऊपर नाम कुछ और है।इसलिए खोज भी बहुत मुश्किल हो गई है कि कौन सी चीज कहां है। एक आदमी को हम कहते हैं- यह बहुत अच्छा आदमी है। और सौ अच्छे आदमियों में से अठानवे अच्छे आदमी अच्छे नहीं होते।सिर्फ डरे हुए लोग होते हैं और डर की वजह से अच्छे मालूम होते हैं। मैं कहता हूं, मैं कभी चोरी नहीं करता।लेकिन अगर थोड़ी जांच-पड़ताल करूं तो पता चलेगा कि चोरी तो मैं भी करना चाहता हूं, लेकिन भय मुझे रोक लेता है।तब मैं अच्छा आदमी नहीं हूं, भयभीत आदमी हूं।लेकिन हम लेबल बदल देंगे। हमें पता ही नहीं चलता।एक आदमी कहता है, मैं बिल्कुल ईमानदार आदमी हूं। उसे थोड़ी जांच-पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि वह बेईमान है और भयभीत है। यानी बेईमान भय, ईमानदार आदमी हो गया।लेकिन क्या यह ईमानदार की परिभाषा हुई? अगर कल उसे पता चल जाए कि एक दिन के लिए सब कानून उठा लिए गये और सब पुलिसवालों को छुट्टी दे दी गई और एक दिन के लिए कोई अदालत नहीं है, तब उसकी सारी ईमानदारी चली गई।यानी वह अब ईमानदार नहीं है। अच्छा आदमी इसीलिए कमजोर है।अक्सर ऐसा होता है कि अच्छा आदमी कमजोरी की वजह से अच्छा आदमी होता है।

## हे माँ लक्ष्मी 'महंगाई' से भर दे झोली

### (दीपावली पर विशेष व्यंग्य)



दीपावली पर बेचारे कबाड़ीलाल के चेहरे की रंगत गायब थी। उनकी जेब के साथ चेहरे का भी दिवाला निकल रहा था। बढ़ती महंगाई ने उन्हें इतना परेशान कर दिया था कि मानो सर्जिकल स्ट्राइक का हमला उन्हीं पर हुआ है। खैनी होठ के नीचे दबाते हुए बोले भैया खबरीलाल, महंगाई से जीना मुश्किल हो चला है। चहुँओर महंगाई का सेंसेक्स टॉप पर है। जो उठ रहा वह गिरने का नाम नहीं ले रहा, जबकि जो गिरा है वह उठ नहीं रहा। बेचारे रुपए की तरह। कबाड़ीलाल जी आप बेमतलब बात का बतंगड़ बनाते हो। दिवाली पर तो आपकी बल्ले-बल्ले है। साफ-सफाई के दौरान लोग घरों का कबाड़ इसी पुनीत पर्व पर बाहर निकालते हैं और आप उस कबाड़ को खरीद कर मालामाल होते हैं, फिर भी आप कहते हैं कि महंगाई है।

कबाड़ीलाल जी, आप पूरी तरह विपक्ष के हाथ का खिलौना बन गए हैं। दीपावली पर बजारबाद का शोर आपको शायद सुनाई नहीं दे रहा है। टीवी से लेकर अखबारों तक में बम्पर ऑफर का दौर चल रहा है। %बाय वन गेट थ्री% का ज़माना है। ऑनलाइन से लेकर खुले बाजार तक लूट मची है। लेकिन आप जीएसटी का रोना रोए जा रहे हैं। आपने देखा नहीं मैडम बाजार का भाव जानने खुद झोला लेकर सब्जी खरीदने निकल पड़ी। यह सब उन्होंने आप जैसे लोगों के लिए ही किया। आप महंगाई और जीएसटी की फ़िक्र को पटाखों के धुएं में उड़ाते चलिए। देखिए धुएं की वजह से ही तो पराली और पटाखे पर प्रतिबन्ध लगाना पड़ा है। कबाड़ीलाल जी आप जैसे लोग भी इस राष्ट्रीय हित के फैसले पर सवाल उठा रहें हैं। देखिए टीवी वाले कितनी ईमानदारी से इस पर डिबेट कर रहे हैं।

कबाड़ीलाल जी आप बेवजह महंगाई को बदनाम करते हैं। अब आप बताइए पेट्रोल के दाम में तो अपनी टीम इंडिया जाती है। अभी आपको महंगाई का नशा ही चढ़ा है। इतना सस्ता टी-20 का मजा आपको कहाँ मिलेगा। यह नायाब दीपावली का तोहफा है। खबरीलाल, अब हम आपको क्या बताएं। महंगाई का आलम यह है कि आग लगाना भी मुश्किल हो गया है। सुना है कि माचिस की तीलियों के दाम भी डेढ़ दशक बाद दोगुने हो चले हैं।

कलयुग में हनुमान जी को लंका जलानी होंगी तो कैसे जलाएंगे। क्योंकि पेट्रोल के दाम जहाँ सेंचुरी पार हैं वहीं केरोसीन भी सरकार ने बंद कर दिया है। फिर लंका कैसे जलेगी। कबाड़ीलाल जी, यह समस्या हनुमानजी और लंका वालों की है आप बिलावजह क्यों परेशान होते हैं। महंगाई के मुद्दे का आप धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय करण कर रहें हैं। कबाड़ीलाल ने कहा देखिए, लोकतंत्र में सभी के अधिकारों की चिंता करनी चाहिए। आखिर हनुमानजी को भी महंगाई का सामना करना पड़ेगा। कबाड़ीलाल जी अपने देश में लोग माचिस के बैगर भी आग लगा देते हैं। उनकी जुबान ही माचिस का काम करती है। कभी लाख प्रयास के बाद भी आग नहीं लगती और कभी आग जंगल की आग की तरह फैलती है। वैसे भी हमारे देश में आग लगाने वालों की कमी नहीं है। आप जैसे लोग तो सरकार के हर फैसले के खिलाफ आग उगलते हैं। भले यह आग माचिस, पेट्रोल और एलपीजी से लगने के बजाय जुबान से लगती हो। कबाड़ीलाल जी, वैसे भी दीपावली के बाद से ठंड अपने रौ में आ जाती है, उस दौरान लोगों को आग की सख्त जरूरत होती है। फिर तो आग जलनी चाहिए वह तेरे सीने में जले या मेरे। कबाड़ीलाल जी, जब आपकी ऐसी सद्बुद्धि है तो हम आपको कितना समझाएं। आप महंगाई के प्रेम में नख से शिख तक डूब हैं। ईश्वर आपको पेट्रोल की उमर तक पहुंचाए। आपकी कीर्ति पांच किलो अनाज के झोले की तरह घर-घर पहुंचे। रुपए की तरह आप दिन-दूना और रात चौगुना की गति से लुढ़कें। जीडीपी की तरह जमींन में धंस जाएं। कोरोना से भी अधिक तेजगति से महंगाई का संक्रमण फैलाएं। आप की यश और कीर्ति एलपीजी की तरफ बढ़े। कबाड़ीलाल जी कितना भी हो आप हमारे पड़ोसी हैं, फिर इस दीपावली हम आपको महंगाई जैसी बद्दुआ नहीं दे सकते। दीपवाली पर हम आपको मिलावटी खोवे की मिठाइयों और ग्रीन पटाखों के साथ शुभकामनायें देते हैं।आप बगैर कड़ुवा और तिल के तेल के बिना सुखी बाती बन दीपक में जलते रहने की शुभकामनायें भी देते हैं।

# इतिहास दीपावली का

### सूडोकु नवताल- 6221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल 6220 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

डॉ श्रीगोपाल नारसन

मन के अंदर की ज्योति प्रज्ज्वलित करने का पर्व है दीपावली भगवान राम चौदह वर्ष का वनवास काटकर तथा असुरी वृत्तियों के प्रतीक रावणादि का संहार करके जब अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने राम के राज्यारोहण पर दीपमालाएं जलाकर महोत्सव मनाया था। इसीलिए दीपावली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। कृष्ण भक्तिधारा के लोगों का मत है कि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी राजा नरकासुर का वध किया था। इस नृशंस राक्षस के वध से जनता में अपार हर्ष फैल गया और प्रसन्नता से भरे लोगों ने घी के दीप जलाए। वही इसी दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए।

जैन मत के अनुसार चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी दीपावली को ही पड़ता है। सिक्खों के लिए भी दीवाली महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन ही अमृतसर में सन 1577 में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ था। इसके अलावा सन1619 में दीवाली के दिन सिक्खों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था। नेपाल में यह त्योहार इसलिए महान है क्योंकि इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष शुरू होता है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। स्वामी रामतीर्थ ने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ओम कहते हुए समाधि ले ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अपने प्राण त्याग दिये थे। हिंदुओं में इस दिन लक्ष्मी के पूजन का विशेष विधान है। रात्रि के समय प्रत्येक घर में धनधान्य की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मीजी,विघ्न-विनाशक गणेश जी और विद्या एवं कला की देवी मातेश्वरी सरस्वती देवी की पूजा-आराधना की जाती है। ब्रह्मपुराण के अनुसार कार्तिक अमावस्या की इस अंधेरी रात्रि अर्थात अर्धरात्रि में महालक्ष्मी स्वयं भूलोक में आती हैं और प्रत्येक सद्गृहस्थ के घर में विचरण करती हैं। जो घर हर प्रकार से स्वच्छ, शुद्ध और सुंदर तरीके से सुसज्जित और प्रकाशयुक्त होता है वहां अंश रूप में ठहर जाती हैं और गंदे स्थानों की तरफ देखती भी नहीं। इसलिए इस दिन घर-बाहर को खूब साफ-सुथरा करके सजाया-संवारा जाता है। कहा जाता है कि दीपावली मनाने से लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सदगृहस्थों के घर निवास करती हैं।

त्योहारों का जो वातावरण धनतेरस से प्रारम्भ होता है,वह इस दिन पूरे चरम पर आता है। यह पर्व अलग-अलग नाम और विधानों से पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इसका एक कारण यह भी कि इसी दिन अनेक विजयश्री युक्त कार्य हुए हैं। बहुत से शुभ कार्यों का प्रारम्भ भी इसी दिन से माना गया है। इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था। विक्रम संवत का आरंभ भी इसी दिन से माना जाता है। यानी यह नए वर्ष का प्रथम दिन भी है। इसी दिन व्यापारी अपने बही-खाते बदलते हैं तथा लाभ-हानि का ब्यौरा तैयार करते हैं। हर प्रांत या क्षेत्र में दीवाली मनाने के कारण एवं तरीके अलग हैं पर सभी जगह कई पीढ़ियों से यह त्योहार चला आ रहा है। लोगों में दीवाली की बहुत उमंग होती है। लोग अपने घरों का कोना-कोना साफ करते हैं, नये कपड़े पहनते हैं। मिठाइयों के उपहार एक दूसरे को बांटते हैं,एक दूसरे से मिलते हैं। घर-घर में सुन्दर रंगोली बनाई जाती है, दिये जलाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। बड़े छोटे सभी इस त्योहार में भाग लेते हैं। यह पर्व सामूहिक व व्यक्तिगत दोनों तरह से मनाए जाने वाला ऐसा विशिष्ट पर्व है जो धार्मिक,सांस्कृतिक व सामाजिक विशिष्टता रखता है। दीपों के पर्व की हमारे जीवन में बहुत महत्ता है। मनुष्य के जीवन में आज अज्ञानता का अंधकार तेजी से फैलता जा रहा है। यदि हमें इससे दूर करने का प्रयास नहीं करेंगे तो जीवन में कभी भी रोशनी का प्रकाश नहीं फैल पाएगा। हम केवल रस्मों के रूप में ही दिवाली मना लेते है, लेकिन उसके आध्यात्मिक रहस्यों से विमुख हो रहे हैं। यदि हमें हर घर को रोशन करना है तो जीवन में ज्ञान का दीपक जलाना होगा। हमारा पर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को किसी ना किसी रूप में आध्यात्मिक सत्ता से जोड़ता है। व्यर्थ के चिंतन से जब तनाव पैदा होता है तो हमारे सोचने का तरीका का तरीका बदल जाता है । हमें महसूस होता है कि जैसे किसी ने हमारे मन में जहर घोल दिया हो। इसलिए हमेशा अपने मन को अच्छे विचारों के साथ भरना चाहिए ताकि मन मे खुशियो का प्रकाश जगमगाता रहे।

## दीवाली पर यूं सजें-संवरे

श्वेता गोयल

कोई तीज-त्यौहार हो, शादी अथवा पार्टी में जाने की तैयारी हो या फिर शॉपिंग के लिए मार्किट जाना हो, युवतियां या महिलाएं बगैर श्रृंगार किए घर से बाहर एक कदम भी नहीं रखना चाहती। विभिन्न त्यौहारों पर तो महिलाओं के संजने-संवरने का चलन वैसे भी बहुत पुराना है। करवा चौथ पर भारतीय नारी सोलह श्रृंगार करती ही हैं, दीवाली की चमक-दमक और जगमगाती रात में भी महिलाओं के सजने-संवरने का अलग ही मजा है। अधिकांश महिलाएं इस खूबसूरत मौके को अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहती।जहां तक विभिन्न त्यौहारों पर महिलाओं के सजने-संवरने की बात है तो ज्यादातर महिलाएं इसके लिए अपने पति की पसंद-नापसंद का पूरा ख्याल रखती हैं। करवा चौथ और दीवाली जैसे खास अवसरों पर महिलाएं अब अपने साज-श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लरों की मदद भी लेने लगी हैं। दीवाली के अवसर पर हर साल बाजार में परम्परागत परिधानों के अलावा हल्के व भारी हर तरह के फैशनेबल कलैक्शन पेश किए जाते रहे हैं। सौन्दर्य विशेषज्ञ मानते हैं कि चूंकि दीवाली रोशनी का त्यौहार है, इसलिए इस अवसर पर कपड़ों के चयन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है ताकि जगमगाती रात में नारी का सौन्दर्य खिलकर एक अलग ही समां बांध सके। इसके साथ-साथ बालों का स्टाइल और मेकअप भी पूरी तरह से परिधानों से मेल खाता होना चाहिए। वैसे आजकल महिलाओं पर विभिन्न टीवी सीरियलों की नायिकाओं और खलनायिकाओं के फैशन का जादू भी सिर चढ़कर बोल रहा है और दीवाली के मौके पर भी महिलाओं पर टीवी के इस फैशन का प्रभाव अधिक देखा जाता है।दीवाली पर महिलाएं किस प्रकार का श्रृंगार करें और अपने पहनावे व मेकअप के मामले में किन-किन बातों को खास महत्व दें, इस बारे में ब्यूटीशियन कहती हैं कि महिलाओं में काफी पहले से ही दीवाली जैसे त्यौहारों पर श्रृंगार करने का क्रेज देखा जाता रहा है, इसलिए अब कई फैशन डिजाइनर इन विशेष अवसरों के लिए न सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि पुरूषों के लिए भी फैशनेबल और व्यक्तित्व को निखारने वाले ऐसे परिधान बनाने लगे हैं, जिनमें उनका व्यक्तित्व पूरी तरह निखरकर सामने आए और वे भीड़ में सबसे अलग दिखें। महिलाओं के लिए खासतौर से डिजाइन की हुई साड़ियां, सूट-दुपट्टा, लहंगा-चोली तथा पुरूषों के लिए शेरवानी, सूट, कोट-पैंट, आकर्षक टाईयां, कमीजें इत्यादि विभिन्न वैरायटी में तैयार किए जाने लगे हैं। सुंदर सी साड़ी में हाथ जोड़कर खड़ी भारतीय नारी की एक अलग तरह की विशिष्ट छवि देखी जाती रही है।

# उत्साह एवं उमंग के साथ आज मनाया जाएगा दीपोत्सव

### साफ सफाई के साथ घर एवं प्रतिष्ठानों पर सजावट का दौर आरंभ



**मुरैना।** दीपों का त्योहार दीपावली का महापर्व आज सोमवार को देशभर के साथ मुरैना जिले में भी उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। लोगों द्वारा घरों में साफ-सफाई पुताई के बाद अब सजावट का दौर शुरू हो गया है, वहीं मिष्ठान की दुकानें सज गई हैं। महालक्ष्मी की पूजा के लिए 2 दिन से बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है एवं आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी जोरों पर चल रही है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह में अमावस्या तिथि को दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। पूरे भारत में इस पर्व का अलग ही हर्ष और उल्लास देखने को मिलता है। इस दिन पूरा देश दीये को रोशनी से जगमगा उठता है। हिंदू धर्म में दिवाली को सुख-समृद्धि प्रदान करने वाला त्योहार माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी अपने भक्तों के घर पर पधारती हैं और उन्हें धन-धान्य का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। साथ ही कहा जाता है कि दीवाली के दिन ही प्रभु श्रीराम लंकापति रावण पर विजय प्राप्त करके अयोध्या लौटे थे। 14 वर्ष का वनवास पूरा कर भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में लोगों ने पूरे अयोध्या को दीयों को रोशनी से सजा दिया था। तभी से पूरे देश में दिवाली मनाई जाती है। इस दिन लोग दीपक जलाकर खुशियां मनाते हैं।

### दिवाली पर लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त

इस साल कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 24 और 25 अक्टूबर दोनों दिन पड़ रही है। लेकिन 25 अक्टूबर को अमावस्या तिथि प्रदोष काल से पहले ही समाप्त हो रही है। वहीं 24 अक्टूबर को प्रदोष काल में अमावस्या तिथि होगी। 24 अक्टूबर को निश्चित काल में भी अमावस्या तिथि होगी। इसलिए इस साल 24 अक्टूबर को ही पूरे देश में दीवाली का पर्व मनाया जाएगा। शास्त्रों के आधार पर दिवाली को लक्ष्मी पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है। इसमें भी स्थिर लग्न की प्रधानता होती है। इस काल में स्वाति नक्षत्र का योग भी बनता है। अतः दिवाली की पूजा वृष, सिंह और कुंभ लग्न में करना उत्तम रहता है। वृष लग्न शाम 06 बजकर 55 मिनट से रात 08 बजकर 51 मिनट तक है. स्थान के आधार पर यह समय कम या ज्यादा भी हो सकता है।

### दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश पूजन विधि

दिवाली पर शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी-गणेश की पूजा विधि पूर्वक की जाती है। पहले कलश को तिलक लगाकर पूजा आरम्भ करें। इसके बाद अपने हाथ में फूल और चावल लेकर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का ध्यान करें। ध्यान के पश्चात भगवान श्रीगणेश और मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर फूल और अक्षत अर्पण करें। फिर दोनों प्रतिमाओं को चौकी से उठाकर एक थाली में रखें और दूध, दही, शहद, तुलसी और गंगाजल के मिश्रण से स्नान कराएं। इसके बाद स्वच्छ जल से स्नान कराकर वापस चौकी पर विराजित कर दें। स्नान कराने के उपरांत लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा को टीका लगाएं। माता लक्ष्मी और गणेश जी को हार पहनाएं। इसके बाद लक्ष्मी गणेश जी के सामने बताशे, मिठाइयां फल, पैसे और सोने के आभूषण रखें।

## धनवंतरी दिवस पर 155 मरीजों ने शिविर में पहुंचकर लिया स्वास्थ्य लाभ

**मुरैना।** ''हर दिन हर घर आयुर्वेद'' की थीम पर जनसंदेश, जनभागीदारी, जन आंदोलन एक्टिविटी के अंतर्गत आयुष मंत्री, प्रमुख सचिव आयुष, जिला आयुष अधिकारी डॉ रचना बुनकर के निर्देशन में रविवार को धनवंतरी दिवस के उपलक्ष में शासकीय गांधी आयुर्वेद चिकित्सालय में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 155 मरीजों का सफल निदान कर निःशुल्क औषधि वितरण की गई। इस शिविर में डॉ शिवानी तोमर, डॉ पारुल गोयल, डॉ प्रभा शर्मा, डॉ धीरज प्रजापति, डॉ मुकेश प्रजापति, डॉ सौरभ शर्मा, डॉ दिनेश दोनेरिया और नीरज शुक्ला, राकेश रघौरा, राजेश त्रिवेदी, अनिल दंडोतिया ने अपनी सेवाए दी।



## बारूद ब्लास्ट में मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रूपये के चेक वितरित

**मुरैना।** विगत दिवस बानमौर कस्बे में हुये बारूद ब्लास्ट में मृतक परिजनों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर दो-दो लाख रूपये की राशि के चेक रविवार को बानमौर पहुंचकर प्रदान किये।



विदित है कि 20 अक्टूबर को बारूद ब्लास्ट में मृतक परिजनों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो-दो लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। जिसको अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मृतक परिजनों के वारिशों को राशि के चेक प्रदान किये है। जिसमें मृतक 7 वर्षीय विजय प्रजापति के पिता दिलीप प्रजापति, मृतक 22 वर्षीय विशाल के पिता दीपक वाल्मिक और 45 वर्षीय जितेन्द्र गुर्जर की पत्नि रामायणी को 2-2 लाख रूपये के प्रदान किये गये है। वहीं घायलों के लिये 10-10 हजार रूपये प्रदान किये जा रहें है।

# अंडर ब्रिज की मांग को लेकर 82वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल




**कैलारस।** बड़ी विडंबना है कि 82वें दिनों से नागरिक गण अस्पताल आने जाने के लिए, ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में कृष्ण मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक आंदोलनात्मक गतिविधियां कर रहे हैं। मंत्री गणों, अधिकारियों रेलवे बोर्ड सहित सभी को पत्र/ज्ञापन भेजे गए हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नागरिक किस से फरियाद करें, कैसे मांग करें, लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन करते हुए किस तरह से गुहार लगाएं, समझ से परे और धैर्य से बाहर हो रहा है। नागरिक गणों ने धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह, भूख हड़ताल, तिरंगा यात्रा, ज्ञापन सभी तरीके अख्तियार किए हैं परंतु सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। आगे नागरिक काली दिवाली मनाने और सत्याग्रह की भी तैयारी कर रहे हैं। रविवार को 82वें दिन भूख हड़ताल पर डॉ दशरथ सिंह कुशवाह, लाला कुशवाह, रतिराम जाटव, रतन लाल शाक्य आदि बैठे। उनको नरहरी शर्मा द्वारा माल्यार्पण कर भूख हड़ताल/ धरने पर बैठाया गया। अनार सिंह सिकरवार, तेज सिंह रजक, अनिल सोलंकी, मिथुन जाटव, नरेश जाटव, संजय शाक्य, इल्यास खान आदि धरने पर बैठे।

## पक्के मकान में गृह प्रवेश पाकर खुश है महेश धाकड़ का पूरा परिवार



**मुरैना।** जिले के जौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अनघौरा के ग्राम जोरघड़ी निवासी महेश धाकड़ बताते है कि बारिश के दिनो में हम कभी सुकून से नही सो पाते थे। कच्चा घर था, कभी छत से पानी टपकता, तो कभी सड़क का पानी घर के अन्दर भर जाता। फिर पूरी रात घर का सामान भीगने से बचाने और घर में भरा पानी बाहर उलीचने मे निकल जाती थी। जैसे-तैसे जीवन की गाड़ी चल रही थी। हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि पक्का घर बनवा पाते। हम भी दूसरे पक्के घरों को देख कर सोचते थे कि, काश हमारा भी ऐसा ही पक्का घर होता। श्री धाकड़ बताते है कि फिर जब हमें प्रधानमंत्री आवास योजना का पता चला तब हमने बिना वक्त गवाएं योजना में आवेदन किया और कुछ समय बाद हमारी किश्त आना प्रारंभ हो गई। अब हमारा आवास बनकर तैयार हो गया है। अब न बारिश में चिंता और न बार-बार कच्ची छत ठीक करने का झंझट। श्री धाकड़ ने आवास योजना चलाकर अनेक लोगो के पक्के घर बनवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है।

# सुनावली गांव में शहीद स्मारक पर दीप जलाकर अमर शहीदों को किया याद

**अंबाह।** दीपावली से पूर्व समाज सेवी संस्था क्लीन ग्रीन टीम अंबाह द्वारा सुनावली गांव में शहीद राम गोविंद सिंह तोमर के स्मारक पर दीप प्रज्वलित करके देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया गया। इस मौके पर शहीद स्मारक का रंग रोगन कर उसे फूल, माला और गुब्बारों से सजाया गया। तत्पश्चात लोगों ने शहीदों की याद में दीप जलाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही शहीद परिवार को सम्मानित भी किया। इस दौरान मौके पर मौजूद युवाओं को जनपद अध्यक्ष मधुरिमा तोमर एवं नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच, एसआई विवेक सिंह तोमर ने सेना में जाकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यकम के आरंभ में युवाओं ने देशभक्ति गीतों से समा बांध दिया। जानकारी रहे कि अमर शहीद राम गोविंद सिंह तोमर के पुत्र मयंक अमन सिंह तोमर द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन वीर जवानों के सम्मान में किया जाता है। इसी कड़ी में यह आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक ग्राम वासी अपने अपने घर से एक-एक दीपक लेकर आए। इस दौरान पवन शर्मा, दयाल गुर्जर, शेखर माथुर, आदित्य सारवान, अमन तोमर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## श्रमिक महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं: रेखा सिंह



**मुरैना।** श्रमिक महिलाओं की आर्थिक दयनीय स्थिति को देखते हुए दीपावली के पर्व पर लायंस क्लब समन्वय की महिला सदस्य बस्ती में पहुंची और उनके दुःख दर्द में शामिल हुई तथा साडियां वितरित की गई। लॉयंस क्लब समन्वय मुरैना की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह द्वारा चम्बल कॉलोनी स्थित चम्बल बस्ती में निवासरत श्रमिक महिलाओं को साडियां वितरित की गईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है, आये दिन उनके शोषण और उत्पीड़न की खबरें हम सुनते रहते हैं, ये सब नहीं होना चाहिए। समाज को तो महिलाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील होना चाहिए और समय-समय पर खासकर अशक्त महिलाओं की मदद भी करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मोनिका कंषाना, सचिव बबिता जैन, कोषाध्यक्ष रेखा बांदिल, निधि गुप्ता, शिवानी गोयल, साधना गुप्ता, रेखा गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, कल्पना चांदिल, अनिता गुप्ता, कृष्णा सोनी, पूनम गांगिल, शालू अग्रवाल, प्रभा गोयल, सपना मांडिल, प्रीति मांडिल एवं प्रीति भी उपस्थित रहीं।

# देवकछ के आदिवासियों को दीपावली पर बांटी मिठाई व अन्य सामग्री

### समाजसेवियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आदिवासी बस्ती में जाकर मनाई दीपावली



**कैलारस।** छोटी दीपावली के दिन कैलारस के समाजसेवियों प्रशासनिक अधिकारियों ने आदिवासी बस्ती देवकछ के आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं 50 परिवारों को मिठाई पूजन सामग्री, कंबल, बच्चों को किताबे आदि सामग्री वितरित की। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी जीवन शैली को देखा कि दीपावली के त्योहार पर सीमित संसाधनों के बाबजूद वह अपनी बस्ती को साफ सुधरा और घरों में आकर्षक पेंटिग देखने को मिली। जिसे समाजसेवियों एवं अधिकारियों ने सराहा। इस अवसर पर एसडीओपी कैलारस संजय कोच्छा, तहसीलदार भारतकुमार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ एस आर मिश्रा, समाजसेवी राधाकृष्ण सिंघल, अशोक सिंह सिकरवार, लाखन सिंह धाकड़, गिर्राज गोयल, सतेंद्र धाकड़, रामेश्वर धाकड़, टीकाराम धाकड़, बनवारीलाल धाकड़, जगन्नाथ धाकड़, लोकेंद्र सिंह उप सरपंच, बंटी, बद्री आदिवासी, भीमा, रमेश, विद्या, रंगलाल, बीरबल, राजेंद्र, मुनीराम आदिवासी मौजूद रहे।

# स्वयं की खुशी के लिए, आसपास के वातावरण को खुशनुमा बनाएं: समाधिया

### अम्बाह में हुआ आनन्दम् केन्द्र का शुभारंभ

**अम्बाह।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की आनंद अवधारणा पर आधारित नेकी की दीवार अब आनंदम केंद्र के रूप में जानी जाएंगी। अंबाह में शहर के मध्य, पुराना थाना रोड पर आनन्दम केन्द्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एसडीएम राजीव समाधिया, नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच, संचालक बच्चूलाल गुप्ता, अखिलेश शर्मा, पार्षद कविन्द सिंह तोमर, राजेश कपासिया, समाजसेवी गिर्राज चौधरी, साधू सिंह राठौर एडवोकेट, रामनिवास तोमर, खुशी लाल श्रीवास, विजय गुप्ता, जिला आनंद विभाग के संपर्क समन्वयक बालकृष्ण शर्मा, मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान डॉ सुधीर आचार्य ने संयुक्त रूप से लक्ष्मी गणेश जी और सरस्वती जी का पूजन कर किया।



शुभारंभ मौके पर उपस्थित जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को मनमुताबिक उपहार दिए गए। कार्यक्रम में एसडीम राजीव समाधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की अवधारणा पर संचालित आनंदम केंद्र जरूरतमंद लोगों के लिए एक अभिनव पहल है। जिसके माध्यम से उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति सहज रूप में हो रही है जिन लोगों के पास आवश्यकता से अधिक उपयोग की वस्तुएं हैं वह इन केंद्रों पर शिक्षा से दे जाते हैं और जिन्हें इनकी जरूरत है वह बिना किसी संकोच के ले जाते हैं। इससे यह समझ में आता है कि स्वयं को खुश रखना है तो आसपास के वातावरण को इस सेवा भाव से खुशहाल रखा जा सकता है। एसडीएम राजीव समाधिया ने आचार्य आनंद टीम के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि मुरैना जिले में निःस्वार्थ सेवा के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य करने का कार्य आचार्य अनंतिम कर रही है। इन लोगों के सहयोग से आनंदम केंद्र की अवधारणा पूर्णता सफल होगी। जरूरतमंदों को वितरित सामग्री के संग्रह और वितरण में बच्चू लाल गुप्ता, नरेश चंद जैन, अरविन्द मावई, बालकृष्ण शर्मा, दुष्यंत सिंह तोमर, विश्व नाथ गुर्जर, अंकित मिश्रा, सुधीर आचार्य, गिर्राज चौधरी, साधू राठौर, महेंद्र सखवार, रामेश्वर का विशेष सहयोग रहा।

## धनतेरस पर महज पचास रुपये लेन-देन के विवाद में युवक की हत्या

**भोपाल।** राजधानी के अरेरा हिल्स इलाके में स्थित ओम नगर झुग्गी में एक कबाड़ी की बेरहमी से सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या कर दी गई। कबाड़ी और आरोपित का कबाड़ खरीदने के बाद पचास रूपये को लेकर विवाद हुआ था। इसको लेकर आरोपित ने गुस्से में आकर हथौड़ी के ताबड़तोड प्रहार करते करते हुए उसे लहूलुहान कर दिया। कबाड़ी को नाजुक हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपित पर हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आसपास के लोगों के मुताबिक आरोपित मानसिक रूप से सनकी प्रवृत्ति का है और आए दिन लोगों से विवाद करता रहता है। अरेरा हिल्स थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि इलाके में रहने वाला 23 साल का बबलू खान कबाड़ खरीदने-बेचने का काम करता है। वह शनिवार शाम को 74 बंगले के पीछे ओम नगर झुग्गी में रहने वाले 39 वर्षीय कन्हैया रैकवार के पास कबाड़ खरीदने गया था। कन्हैया पुराना सामान घर में जमा करके रखता है। बबलू ने उससे कबाड़ खरीदा। कबाड़ साढ़े चार सौ रुपये का हुआ था। बबलू ने कन्हैया को पांच सौ रूपये दे दिए थे और पचास रुपये उससे वापस मांगे, लेकिन कन्हैया उसे रुपये बाद में देने का कहकर टरकाने लगा। दरअसल उसका इरादा रुपये वापस देने का नहीं था। उसकी मंशा भांपकर बबलू ने तत्काल पचास रुपये वापस मांगे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

## घर में घुसे बदमाश, महिला के हाथ पैर बांधे, लूट ले गए एक लाख 90 हजार रुपये ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुरानी बस्ती में तीन नकाब पोश बदमाश शुक्रवार को आधी रात में एक घर में घुस गए। बदमाश घर में रखे एक लाख 90 हजार रुपये लेकर वह भागने वाले थे। तभी महिला की



नींद खुल गई। उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसके हाथ-पैर बांध दिए और रुपये लेकर भाग गए। ग्वारीघाट पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। ग्वारीघाट पुलिस ने बताया कि परशुराम शर्मा पुरानी बस्ती ग्वारीघाट में किराए के मकान में रहते हैं। वह पंडिताई करते हैं। उन्होंने कार खरीदने के लिए थोड़ा-थोडा कर एक लाख 90 हजार रुपये जोड़कर डिब्बे में रखे थे। विगत 15 अक्टूबर को कर्मकांड कराने शहर के बाहर चले गए। उनकी पत्नी 36 वर्षीय चंद्रप्रभा, 15 वर्षीय बेटी अंकिता एवं 13 वर्षीय बेटा कृष्णा घर पर थे। शुक्रवार रात करीब ढाई बजे खटपट की आवाज सुनकर चंद्रप्रभा की नींद खुली। वह उठकर बाजूवाले कमरे में गई। जहां तीन बदमाश नकाब पहने दिखे। तीनों रुपयों से भरा डिब्बा ले जा रहे थे। चंद्रप्रभा ने विरोध किया और डिब्बा छुड़ाने लगी। तभी एक बदमाश ने उसके साथ मारपीट कर दी। फिर चंद्रप्रभा के रस्सी से हाथ-पैर बांध दिए और रुपयों से भरा डिब्बा लेकर भाग गए। चंद्रप्रभा ने जैसे-तैसे बच्चों को उठाया। फिर ग्वारीघाट पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार को प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर संदेहियों को चिन्हित किया जा रहा है।

## काम के तनाव में कर्मी को हुआ ब्रेन हेमरेजविद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ का आरोप

**जबलपुर।** उप संभाग निवास के अंतर्गत खीरा रफ्ता डीसी में पदस्थ कन्हैया सिंह मार्को सहायक को लगभग 20 गांव की विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का कार्य दिया गया है। इसके अलावा उसके ऊपर राजस्व वसूली का जिम्मा भी था इस काम के तनाव में उसे 21 अक्टूबर को ब्रेन हेमरेज हुआ। परिवार वालों ने तत्काल मंडला स्थित कटरा अस्पताल में भर्ती कराया था। यहाँ पर उनकी गंभीरता को देखते जबलपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती करने के लिए रेफर कर दिया गया। यहाँ पर विद्युत कर्मी का सिटी स्कैन कराने पर सिर की नस दबने से दाहिने हाथ-पैर में लकवा लगना बताया गया। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, अमीन अंसारी, अरुण मालवीय, इंद्रपाल सिंह, लखन सिंह राजपूत, मुकेश पटेल, दशरथ शर्मा आदि ने पूक्षेविविकं से विद्युत कर्मी के इलाज के लिए सहायता देने की मांग की है।

## भाई-भाभी के खुदकुशी करने से अवसादग्रस्त हुई छात्रा ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** राजधानी के अलग-अलग थाना इलाकों में दो महिलाओं सहित चार लोगों ने खुदकुशी कर दी। इनमें से एक कालेज छात्रा भाई और भाभी द्वारा पूर्व में खुदकुशी कर लेने के बाद से अवसाद ग्रस्त चल रही थी। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। सूखी सेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम चौप?ा कला निवासी 20 वर्षीय प्रिया लोधी पुत्री भरत लोधी कालेज छात्रा थी। उसने गुरूवार-शुक्रवार की रात अपने घर में रखी चूहामार दवा खा ली थी। घटना के बाद स्वजन ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# सभी मिल कर हरदा को बनायें नम्बर वन जिला: कृषि मंत्री पटेल

### विकास कार्य प्राथमिकता से करायें : प्रभारी मंत्री सिलावट

### प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला 495 हितग्राही को

**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि सभी मिल-जुल कर प्रयास करें और हरदा को नम्बर वन जिला बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। जिले के प्रभारी और जल-संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरदा के विकास कार्य प्राथमिकता से कराये जाना सुनिश्चित करें। मंत्रीद्वय शनिवार को हरदा जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्रीद्वय ने सतना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना गृह-प्रवेश कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर हरदा जिले के 495 हितग्राही को आवासों की सौगात दी। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हरदा गेहूँ, चना और मूंग उत्पादन में अग्रणी जिला है। किसान खेतों की मेड़ पर प्रदेश



सरकार द्वारा चलाये गये अंकुर अभियान में पौध-रोपण करें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हरदा जिले को प्राकृतिक खेती में भी अव्वल बनाना है। उन्होंने किसानों की आय को दोगुना करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिये सभी को सतत सम्मिलित प्रयास करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पात्रताधारियों को दिलाने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में सभी पात्रताधारियों को योजनाओं में लाभान्वित करने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाये। मंत्री श्री सिलावट ने गरीब परिवारों को पात्रता पर्ची वितरित करने के निर्देश दिये। जल-संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहरों के दोनों छोर पर किसानों के सहयोग से पौध-रोपण करने को कहा। मंत्री श्री सिलावट ने ड्रग माफिया, भू-माफिया और रेत माफिया के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। धनतेरस के अवसर पर हरदा जिले के जनपद पंचायत खिरकिया के 185, जनपद पंचायत टिमरनी के 170 और जनपद पंचायत हरदा के 140 हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना से शनिवार को लाभान्वित हुए। अब सभी हितग्राही परिवार अपने नये घरों में दीपावली मनायेंगे। कृषि मंत्री श्री पटेल और प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सभी परिवारों को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

# धनतेरस के दूसरे दिन भी 200 करोड़ के कारोबार का अनुमान



**भोपाल।** राजधानी में आज धनतेरस के दूसरे दिन व्यवसायियों द्वारा 200 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुबह से ग्राहकों की भीड़ देखने को बाजारों में मिल रही है। विशेष रूप से बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल सेक्टर जमकर कारोबार होगा। ऐसे समय में जब त्योहार दो दिन मना रहे हैं तो धनतेरस के दूसरे दिन भी हर सेक्टर का बाजार चहकने को तैयार है, तब महामुहूर्त का बनना चार चांद लगाने वाला है। उसी लिहाज से बाजार रविवार को भी चमकने को तैयार हैं। धनतेरस पर राजधानी के बाजारों में उल्लास बरस रहा है। इस बार दुर्लभ संयोग में धनतेरस दो दिन मनाई जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक राजधानी में सराफा, बर्तन, वस्त्र, आटोमोबाइल समेत विभिन्न सेक्टर के बाजारों में कुल मिलाकर पहले दिन 350 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ ग्राहकों के स्वागत के लिए जोरदार तैयारियां हर सेक्टर में की गई हैं। ऐसा संयोग बहुत कम होने से एक दिन पहले से दुकानों पर तोरण से सजे स्वागत द्वार ग्राहकों का अभिनंदन करते हुए नजर आ रहे हैं। ग्राहकों में भी पहले से दोगुना उत्साह है, इसलिए बाजारों में दूसरे दिन भी धनवर्षा होगी। बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल सेक्टर में बूम रहेगी। सुबह से देर रात तक महंगे और ब? साइज के आइटम खरीदारी के लिए रविवार को रौनक रहेगी। राजधानी के ज्योतिषाचार्य के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का साथ होना धनतेरस पर विशेष है। वहीं दोनों दिन शाम के समय प्रदोष व्यापिनी का संयोग विशेष फलदायी है, जो कभी-कभार ही बनता है। धनतेरस पर भंगराज योग भी बन रहा है। यानी कि शनिवार को शाम 4ः19 मिनट होते ही त्रयोदशी तिथि प्रारंभ हुई जिसे धनतेरस के रूप में मनाने की मान्यताएं हैं। खास यह है कि लगातार दूसरे दिन रविवार को शाम तक यह तिथि रहेगी। इसलिए मनचाहे समय में 24 घंटे के दुर्लभ संयोग में अपने बजट के अनुसार की गई खरीदारी अक्षय फलदायी, समृद्धि कारक का संकेत है, क्योंकि ग्रह और गोचर का अनुकूल होना बहुत ही संयोग माना गया है। कारोबारी भी दो दिन की धनतेरस को लेकर काफी उत्साहित है।

### धनतेरस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खरीदी पूजा की थाली और बर्तन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्र कुणाल एवं कार्तिकेय चौहान के साथ रोशनपुरा चौराहा पहुँचकर धनतेरस के अवसर पर खरीददारी की। उन्होंने शगुन स्वरूप एक चाँदी का सिक्का, पूजा की थाली और बर्तन खरीदा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जाएका पान भंडार की दुकान पर पान भी खाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बाजार में धनतेरस की खरीदारी के लिए आये सभी नागरिकों से भेंट कर धनतेरस की



शुभकामनाएँ भी दी। नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि गरीब और जरूरतमंदों के साथ दीपावली की खुशियाँ बाँटे। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के कारण जो बच्चे अपने माता-पिता को खो चुके हैं, उनके साथ मैं दीपावली का पर्व मना कर खुशियाँ बाटूंगा।

## उज्जैन के महाकाल मंदिर में आज से दीपोत्सव की शुरुआत होगी




**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में रविवार से दीपोत्सव की शुरुआत होगी। पुरोहित समिति द्वारा रविवार को धनतेरस पर देश में सुख समृद्धि व आरोग्यता के लिए भगवान महाकाल की महापूजा की जाएगी। सोमवार को तके भस्म आरती में दीपावली मनेगी। भगवान महाकाल को अन्नकूट लगाकर फुलझी से आरती की जाएगी। बुधवार को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर मंदिर में गोवर्धन पूजा तथा चिंतामन स्थित गोशाला में गायों की पूजा होगी। मंदिर की परंपरा अनुसार धनतेरस पर पुरोहित समिति द्वारा भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की जाती है। पुरोहित समिति के अध्यक्ष पं.अशोक शर्मा ने बताया रविवार को सुबह 9.30 बजे कलेक्टर आशीषसिंह व प्रशासक संदीपकुमार सोनी के आतिथ्य में भगवान महाकाल की पूजा होगी। देश में सुख और समृद्धि बनी रहे, इसलिए महापूजा में भगवान को चांदी का सिक्का अर्पित किया जाएगा। सोमवार को तके 4 बजे भस्म आरती में दीपावली मनाई जाएगी। पुजारी भगवान को केसर चंदन का उबटन लगाकर गर्म जल से स्नान कराएंगे। इसके बाद सोने, चांदी के आभूषण व नवीन वस्त्र धारण कराकर दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को अन्नाकूट में विभिन्ना् प्रकार के पकवानों का भोग लगाकर फुलझी से आरती की जाएगी। शाम को 6.30 बजे संध्या आरती में भी फुलझी जलाई जाएगी।

### मंगलवार को सूर्यग्रहण के बाद होगी पूजन आरती

कार्तिक अमावस्या पर मंगलवार को सूर्यग्रहण रहेगा। मंदिर की परंपरा अनुसार ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर को धोकर शुद्ध किया जाएगा। पुजारी व मंदिर कर्मचारी स्नान करने के बाद गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इसके उपरांत संध्या पूजा व आरती की जाएगी।

### अंधेरे का भरम



आज भी उजाले का संघर्ष किसी से नहीं है,
अंधेरे ना जाने क्युं यह भरम पाले बैठे है 7
हम अपने दर पर कब से दिया जलाये बैठे है,वो जाने क्युं दिल का दरवाजा बंद किये बैठे हैं 7
चल रही हैं ठंडी हवायें बाहर चमन में देखो , हम हैं कि कांटों से भी खुशबू की आशा लगाये बैठे हैं 7
जिस की तलाश में भटके हैं हम बहुत अब तक, हमें पता नहीं था कि हमारे दिल में वो छुपे बैठे हैं 7
यह नज़रों का धोखा है या हमारे विश्वास का जलता दिया,हम रौशनी की आश अंधेरों से लगाये बैठे हैं 7
कौई दे रहा है दस्तक दिल पर बार बार रुक रुक के क्युं, हम तो बाहर चमन में उसके लिए पलकें बिछाये बैठे हैं 7

**दिलीप मिश्रा**
**(लेखक एवं साहित्य साधक)**
**ग्वालियर, म. प्र.**

# उज्जैन के श्री महाकाल लोक का नाम बदला अब कहलाएगा श्री महाकाल महालोक

**उजैन।** महाकालेश्वर मंदिर परिसर का नवविस्तारित क्षेत्र श्री महाकाल लोक अब श्री महाकाल महालोक ही कहलाएगा। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ये जानकारी अपने ट्वीटर अकाउंट पर साझा की है। लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीष, स्नेह हमेशा मध्य प्रदेश के साथ रहा है। जब वे उजैन आए थे उन्होंने इस भव्य, दिव्य, अलौकिक स्थान



को देखकर विचार व्यक्त किया था कि महाकाल महालोक बहुत अद्भुत है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अब नवनिर्मित परिसर श्री महाकाल महालोक ही कहलाएगा।

मालूम हो कि महाकालेश्वर मंदिर परिसर के नवविस्तारित क्षेत्र के 11 अक्टूबर को हुए लोकार्पण से पहले परिसर के नामकरण को लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने लोगों से सुझाव आमंत्रित किए थे। कई लोगों ने महाकाल पथ, महाकालेश्वर धाम जैसे अनेक नामों का सुझाव दिया था। 27 सितंबर को उजैन में पहली बार हुई मध्यप्रदेश केबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने पहला निर्णय महाकालेश्वर मंदिर परिसर के नवविस्तारित क्षेत्र का नाम श्री महाकाल लोक करने का लिया था। निर्णय के बाद इसी नाम से परिसर की ब्रांडिंग की गई। लोकार्पण समारोह का लाइव प्रसारण 40 देशों में किया गया था। इसका असर यह हुआ कि लोकार्पण समारोह में एक लाख से अधिक लोग जुटे और लोकार्पण के बाद परिसर को देखने के लिए भी रोज हजारों लोग पहुंच रहे हैं।

**दीपावली पर एक लाख दीपकों से जगमगाएगा श्री महाकाल महालोक:** योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर का नवविस्तारित क्षेत्र श्री महाकाल महालोक इस दीपावली पर एक लाख दीपमालाओं से जगमाएगा। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा शाम 6.30 बजे से 7 बजे के बीच एक साथ सारे दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर प्रशासक संदीपकुमार सोनी ने कहा है कि इस समय दृश्य अद्भुत, अलौकिक देखने लायक होगा।

# जगमगाया श्री बाबा बटेश्वर धाम भोपाल में 2100 दीये जलाए

**भोपाल।** धनतेरस पर शनिवार को शहर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। पुराने शहर के कायस्थपुरा श्री ब?वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा बाबा श्री बटेश्वर व मां गौरा की रजत मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया गया। 2100 तेल के दीए जलाए गए। समिति के संजय अग्रवाल व प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम चार बजे दूध, पंचामृत, गन्ने का रस एवं नर्मदाजल से बाबा श्री बटेश्वर का अभिषेक कर माता गौरा, शिवजी की रजत प्रतिमा का फूल, रत्न तथा नए नोट से श्रृंगार कर महाआरती की गई।



### करूणाधाम आश्रम में दीपोत्सव शुरू

नेहरू नगर करुणाधाम आश्रम स्थित महालक्ष्मी मंदिर में इस बार तीन दिवसीय दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत शनिवार को धनतेरस से हुई। विश्वशांति के संदेश देने के लिए 500 आकाशदीप छोड़े गए। इसी तरह 24 अक्टूबर दीपावली पर मां महालक्ष्मी की महाआरती उज्जैन से लाए नगाड़ों पर महाआरती की जाएगी। इस दौरान मंदिर में 1100 दीये जगमग किए जाएंगे।


### बिड़ला मंदिर में भगवान को नए वस्त्र धारण कराए गए

शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर बिड़ला मंदिर में भी दीपावली पर्व की शुरुआत हुई। इस मौके पर मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण को नए वस्त्र धारण कराए गए। धनत्रयोदशी पर भगवान लक्ष्मीनारायण को काले रंग की नए वस्त्र धारण कराए गए। 26 को दूसरे वस्त्र धारण कराए जाएंगे। इसके आलवा पुराने शहर के लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में भी भगवान श्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना हुई।

### -21 किलो पारे के श्री यंत्र का 1008 नोटों से सहस्त्रार्चन

टीटी नगर मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर धनतेरस के एक दिन पहले लक्ष्मी-नारायण का श्रृंगार किया गया। व्यवस्थापक पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर को दीपावली के पावन पर्व पर धनतेरस के पूर्व विद्युत साज-सज्जा की। लक्ष्मी-नारायण को सजाया गया। 21 किलो पारे के श्री यंत्र का 1008 नोटों से सहस्त्रार्चन किया गया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी वर्क चार्ज विभागों में नहीं मिला वेतन



**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अनिल दौनेरिया जिला महासचिव सेन्टर आफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि दीपावली से पूर्व अक्टूबर माह का वेतन सभी कर्मचारियों को वेतन मिल जाना चाहिए लेकिन शनिवार 22 अक्टूबर तक वर्क चार्ज विभाग जल संसाधन लोक निर्माण कृषि विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को अभी तक दीपावली से पूर्व अक्टूबर माह का वेतन नहीं मिला है आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तो पिछले 6 माह से भवन भाड़ा भी नहीं मिला है मकान मालिक त्योहार के समय किराया मांग रहे हैं सेंटर ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू द्वारा जिलाधीश महोदय से समाचार पत्रों के माध्यम से मांग की कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार वेतन दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करें साथ में उक्त जानकारी सेंट्रल ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव अनिल दौनेरिया प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी सीटू नेता दौनेरिया ने आगे बताया कि 23 अक्टूबर को जिलाधीश कार्यालय में अवकाश है 24 अक्टूबर को रविवार होने के कारण समाचार पत्रों के माध्यम से जिलाधीश महोदय का धयान आकर्षित कराया है 23 अक्टूबर को धनतेरस है और रविवार का अवक्षकाश है और सोमवार को दीपावली है मुख्यमंत्री ने 20 अक्टूबर को जो घोषणा की वह थोड़े पहले कर दी आती तो शायद समय पर सभी कर्मचारियों को वेतन मिल जाता अब वर्क चार्ज के कर्मचारियों की दीपावली मुख्यमंत्री के मंशा अनुसार नहीं मानेगी।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया





**आनंद कुमार शाही स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**
**झारखण्ड**

हजारीबाग।कार्यालय जिला संयुक्त औषधालय हजारीबाग के प्रांगण में आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित कर एवं धन्वंतरी देवता को माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग डॉ गुलाम मुस्तफा अंसारी के द्वारा किया गया । आयुष एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं आयुर्वेद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश चंद्र झा के द्वारा आयुर्वेद पद्धति के बारे में और उससे होने वाले फायदों के बारे में विधिवत पूर्वक जानकारी दिया गया, उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद पद्धति सबसे अच्छी और शुद्ध पद्वति। होती है इसमें कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है, वही सामाजिक कार्यकर्ता डॉ आनंद कुमार शाही ने आयुर्वेद दिवस पर कहा कि औषधीय पौधे घर के आस-पास जरूर लगावे, फूल पति पौधे घर और भगवान की शोभा होते हैं, लेकिन औषधीय पौधे लगाने से आसपास के वातावरण सुद्ध होते हैं और साथ ही बीमारियों का इलाज भी किया जा सकता है । वहीं जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गुलाम मुस्तफा जी ने कहा कि भारत सरकार आयुष मंत्रालय के द्वारा लगातार शहर से लेकर गांव स्तर तक आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी से उपचार किया जा रहा है साथ ही सभी जिला में पंचकर्मा अस्पताल भी खोलने के लिए योजना आया हुआ है, जल्द हजारीबाग जिला में पंचकर्म से इलाज शुरू होगा । आए दिन आयुष पद्धति के तहत लोगों का झुकाव बढ़ते जा रहा है, लोग ठीक भी हो रहे हैं । कार्यक्रम का उदघोष श्री हरि नंदन यादव के द्वारा किया गया । वही कार्यक्रम के बाद सभी लोगों को जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया । आयुर्वेद दिवस पर आयुष भवन में डॉक्टर गुलाम मुस्तफा अंसारी, डॉ मुकेश चंद्र झा, डॉ आनंद कुमार शाही, डॉ सृजन जयपुरियार, डॉक्टर फातिमा खातून, डॉ गायत्री कुमारी, डॉ नीलू कुमारी, डॉ दीपिका खंडेलवाल, डॉ सरवर आलम, डॉ नाजीर आलम ,डॉ वसीम अनवर एवं आयुष विभाग के कर्मचारी विकास कुमार चौधरी जी नंदनी कुमारी सहित सभी लोग उपस्थित हुए ।

## विकास और स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान:डॉ. सिकरवार





**ग्वालियर।** आज जी.वाय.एम.सी. परिसर में ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने महिला-पुरूष सफाई कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुये वस्त्र और मिठाई भेंट की। इस मौके पर मुख्य रूप से महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, मेयर इन कॉउसिंल के स्वच्छता प्रभारी अवधेश कौरव, प्रदेश सचिव सुरेन्द्र यादव, पार्षद अंकित कठठ्ल मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि देश के विकास और स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों का सबसे अहम योगदान है। विधायक डॉ. सिकरवार ने सफाई कर्मचरियों से आव्हान किया कि अपने बच्चों को शिक्षित कर देश की मुख्य धारा से जोडने का काम करें। कार्यक्रम में महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि शहरों की सफाई व्यवस्था को रैकिंग दी जाती है और अफसर अवार्ड लेने पहुंचते है, जबकि पुरस्कार पाने के असली हकदार सफाई कर्मचारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता के आने पर सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं का हल कराया जाएगा और बच्चों को शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।

## सेवार्थ एक पहल द्वारा मनाई गयी छोटी दीपावली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले में स्थित नवीन गल्ला मंडी के आस-पास व उसमें रह रहे समस्त बच्चों व परिवार वालों के साथ दिन रविवार को धनतेरस व रूप चतुर्दशी के मौके पर सेवार्थ एक पहल समूह द्वारा करीब आदा सैकड़ा से अधिक जरूरत मंद छोटे-बड़े, वृद्ध सभी लोगों को सभी प्रकार के छोटे-बड़े कपड़े, साड़ियाँ, मिठाई, फटाके, दीपक- बाती व दीपावली त्यौहार पर पसन्द किये जाने वाले खीलें-गट्टा व शक्कर से बने खाने योग्य खिलौनों का भी वितरण किया गया। इस मानवता के कार्य में अक्षया सविता, अश्विनी श्रीवास, अजय सक्सेना, आशुतोष मिश्रा, रॉबिन शुक्ला, अमित पाठक, आशीष सबिता, शिवेंद्र सिंह राजावत, आदित्य दुबे, अक्षय सविता आदि समस्त सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



### समाज की होनहार प्रतिभाओ का किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** = बिलाड़ा सीरवी नवयुवक मंडल ग्राम इकाई बिलाड़ा द्वारा शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का आज सीरवी मोतीसिंह स्टेडियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे नव चयनित शारीरिक शिक्षकों माधव सिंह पालावत , सुनील सोलंकी, प्रमोद सीरवी, अंजू काग, बुद्धाराम सीरवी, जसवंत सिंह, नरेंद्र राठौड़ का सीरवी नवयुवक टीम द्वारा स्वागत किया गया । स्वागत समारोह में सीरवी नवयुवक मंडल अध्यक्ष चैनाराम पालावत, उपाध्यक्ष रमेश राठौड़, सचिव माधव सिंह लालावत, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह राठौड़, खेल प्रभारी विरेन्द्र भींवराज, किशोर, कांग्रेस पार्टी के जिला देहात प्रवक्ता जितेन्द्रसिंह राठौड़, एस. एम. एस. के कोच सुरेन्द्र काग, युवा शिक्षक धन्नाराम राठौड़, चन्द्र सिंह राठौड़, रोहित काग, गोविंदसिंह पंवार, विरेन्द्र सिंह राठौड़, शारीरिक शिक्षक प्रेमसिंह बर्फ़ा, प्रेम सिंह काग, भुण्डाराम सहित अनेक खेल प्रेमी एवम खिलाड़ी उपस्थित थे।

# ठेकेदार की मनमानी घटिया निर्माण कार्य

### मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देश पर भी नहीं रुका कार्य

**रिर्पोटर प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

मधुसूदनगढ़ के वार्ड क्रमांक 5 में (शिवालय से शक्ति वाला रोड) नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा खरंजा निर्माण कार्य स्वीकृत कार्य में बद से बदतर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है एक तरफ निर्माण कार्य चल रहा है दूसरी ओर धूल उड़ रही है। ना ही तराई की जा रही है और ना ही सीमेंट एवं अन्य सामग्री की मात्रा निश्चित मानक अनुपात में लगाई जा रही है जिसके कारण सीसी खडंजा निर्माण के समय से पहले ही टूटने लगा है। ठेकेदार की इस कार्य की जन सामान्य में चर्चा का विषय है ऐसे में नगर परिषद की प्रथम बैठक में ही समस्त पार्षदों ने इस कार्य पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास कर दिया था जिस पर रोक लगाई जानी थी नगर पालिका अधिकारी द्वारा मौखिक निर्देश देकर काम को रुकवाने का आदेश दिया परंतु ठेकेदार ने अपना कार्य नहीं रोका नगर पालिका अधिकारी से नाराजगी पूर्ण रवैया एवं सख्त हिदायत और नोटिस के बाद कार्य को नहीं रोका गया परंतु दूसरे दिन फिर काम चालू कर दिया गया ठेकेदार की मनमानी और घटिया निर्माण की चर्चा नगर में आम हो चुकी है बताया जा रहा है कि ठेकेदार की ऊंची राजनीतिक पकड़ के चलते यह सब हो रहा है



### इनका खान है

हमने ठेकेदार को काम रोकने का बोला है और काम रुक भी गया है

**अब्दुल सगीर** अहमद मुख्य नगरपरिषद अधिकारी

हम काम अच्छा कर रहे हैं सभी अधिकारी देख चुके हैं यदि काम में रोक भी देंगे तो भी हमारा भुगतान तो हो ही जायेगा अब देखना होगा नगर के लोग काम करवाना चाहते हैं या नहीं हमे कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**शिवनारायण मीणा ठेकेदार**

काम घटिया हो रहा है जिसमें नगर परिषद का लाखों का चूना लगाया जा रहा है इसलिए काम की गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए तभी काम किया जाए

**राजपाल सिंह वरिष्ठ नेता भाजपा**

## रैली निकालकर नशा छोड़ने के लिए लोगो को प्रेरित किया

**रिर्पोटर -प्रतीष अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मधुसुदनगढ-=** पुलिस अधीक्षक पंकज श्रीवास्तव द्वारा जिले में चलाया जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत मधुसूदनगढ़ थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने भी शहर में लोगों को नशा मुक्त करने के लिए शहर के चारों रोडो पर रैली निकालकर नशा छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया पुलिस अधीक्षक के आदेश से जिले के तमाम थाना में अवैध शराब गांजा इस्मेक जैसे खतरनाक मादक पदार्थों बेचने और नशा करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी तारतम्य में मधुसूदनगढ़ पुलिस ने नशा करने वाले लोगों को नशा छोड़ने के लिए एक रैली निकालकर प्रेरित किया।

## सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने मनाया दीपोत्सवटीकमगढ़ में ग्राउंड में 11 सौ दीप जलाकर मनाई खुशियां, नेशनल खिलाड़ियों का किया सम्मान

**पुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**

टीकमगढ़ शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में रविवार रात जिला सॉफ्टबॉल संघ के खिलाड़ियों ने दीपोत्सव मनाया। दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने ग्राउंड के चारों ओर 11 सौ दीपक रखकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सॉफ्टबॉल कोच पी प्रसन्ना ने बताया कि जूनियर और सीनियर सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों के साथ पुलिस परेड ग्राउंड में 1100 दीपक रखकर सॉफ्टबॉल कोड बनाया। इसके बाद सभी बच्चों ने दीपक जलाकर दीपावली पर्व की खुशियां मनाई और देश की सुख समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



### नेशनल खिलाड़ियों का किया सम्मान

सॉफ्टबॉल कोच पी प्रसन्ना ने बताया कि हाल ही में टीकमगढ़ के दो खिलाड़ी विवेक पाल एवं वैदेही नायक नेशनल प्रतियोगिता खेल कर वापस लौटे हैं। आज जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने नेशनल खेलकर लौटे दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और बधाई दी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे

9 नवंबर से 12 नवंबर तक मध्यप्रदेश के देवास में राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना है। जिसमें टीकमगढ़ की टीम का चयन हो गया है। आज दीपोत्सव के मौके पर चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी गई।

## समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की दी शुभकामनाएं स्टेट ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी ने

### समस्त प्रदेशवासियोंको दीपावली पर्व की दी शुभकामनाएंअश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे

**छत्तीसगढ़** छत्तीसगढ़ मे जोरदार से इस वर्ष लोक पारंपरिक त्योहार दीपावली की त्यौहार बहुत ही भव्यता के साथ मनाई जा रही है एवं ग्रामीणों शहरों में हर्ष उल्लास के साथ इस त्यौहार का इंतजार करते हैं एवं माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करके मंगलमय की कामना माता लक्ष्मी से करते हैं यह पर्व बहुत ही धूमधाम से छत्तीसगढ़ में मनाया जाता है जिसमें समस्त क्षेत्रवासी नया खरीदारी एवं आज धनतेरस के अवसर पर भगवान धन्वंतरि एवं कुबेर महाराज की पूजा अर्चना की जाती है एवं घर के आगे गोबर से बने 13 दीपक जला कर के घर के सुख समृद्धि खुशहाली की कामना करते हैं एवं अगला दिन नरक चतुर्दशी यम देव की पूजा अर्चना करके 14 दीपक जलाए जाते हैं और सांथ अगले दिन माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है मान्यता बताया जाता है कि दीपावली के दिन ही भगवान श्री रामचंद्र जी रावण को पराजित कर दीपावली के दिन ही अयोध्या धाम पधारे थे इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासी खुशी उल्लास के साथ घर के आंगन में दीपक जला कर के रंगोलियां बनाकर के भगवान श्री रामचंद्र जी के स्वागत किए थे अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ नेक्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व के हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दिए एवं माता लक्ष्मी से समस्त ग्रामीणों के सुख समृद्धि की कामना की है



# खेत में काम कर रही थी महिला, दरिंदों ने मुंह बंद कर गर्म चिमटे से जला डाले प्राइवेट पार्ट

**अरुण कुशवाह कोलारस** रिपोटर पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी जिले के मायापुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है. यहां खेत में खाना बना रही एक महिला के चेहरे और संवेदनशील अंगों को बहसी दरिंदों ने चिपटे से दाग दिया है. महिला के शोर मचाने के बाद मौके पर पहुंचे गांव के लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर जीरो एफआईआर दर्ज किया है. पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि यह पूरी वारदात इतनी तेजी से हुई कि आरोपियों का वह चेहरा तक नहीं देख पायी. पुलिस ने बताया कि घटना शिवपुरी जिले के मायापुर थाना क्षेत्र का है. यहां पड़ोरा गांव में शुक्रवार को एक महिला अपने खेत में मूंगफली तोड़ने गई थी. काम अधिक होने की वजह से उसने खेत में ही रुकने का फैसला किया और खाना बनाने लगी. पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि अचानक से पीछे से आए दो युवकों ने उसे दबोच लिया और उसकी आंख और मुंह को ढंक कर चिमटें से उसका चेहरा, वक्ष और संवेदनशील अंगों को दाग दिया. इससे वह चिल्लाने लगी तो आरोपी उसे छोड़ कर भाग गए. इसके बाद ग्रामीणों ने उसे अस्पताल पहुंचाया.पुलिस ने बताया कि महिला के साथ दरिंदों ने जिस प्रकार से वारदात को अंजाम दिया है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह महिला को कुरुप बनाने की चेष्टा से आए थे पुलिस ने बताया कि चूंकि मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना मायापुरी थाना क्षेत्र की है. इसलिए फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज किया है. जल्द ही डायरी आगे की कार्रवाई के लिए मायापुरी थाने में भेज दी जाएगी पुलिस ने बताया कि पीड़िता की हालत नाजुक है. उसे डॉक्टरों की सघन निगरानी में रखा गया है. चूंकि पीड़िता अनुसूचित जाति की है इसलिए आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं के साथ ही एससी एसटी एक्ट की धाराओं में भी केस दर्ज किया है पुलिस मामले की विवेचना कर रही है जल्द ही वांछित आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा सिटी कोतवाल सुनील खेमरिया का कहना है कि महिला के बयानों के आधार पर केस दर्ज कर डायरी मायापुर भेजी जा रही है




## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सैफई पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**इटावा ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरैना सांसद एवं भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत ग्वालियर से भिंड होते हुए सैफई उत्तर प्रदेश प्रस्थान किया। जहां उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में रहे पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पहुंचे जहां पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके परिवार जनों को सांत्वना प्रदान करते हुए ढांढस बंधाया द्य केंद्रीय मंत्री तोमर का ग्वालियर से सैफई जाते समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने दमोह मोड पुलिया पर किया स्वागत किया गया द्य वहीं केंद्रीय मंत्री तोमर ने अगवानी कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं के साथ उन्हें बधाई दी और कहा कि भाईचारे और शांति सद्भावना देश और प्रदेश के समृद्धि और विकास के लिए सब समाज के बीच त्योहार को बनाएं द्य

# दीपों का त्योहार दीपावली आज 7 अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व







### घर सजाने की सामग्री की दुकानों पर भी हुई खरीदारी

इसके साथ ही दीपावली पर बाजार में घर सजाने की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। यहां घर सजाने की आकर्षक सामग्री के साथ-साथ लोग बाजार में अन्य खरीदी को लेकर दुकानों पर देखे गए। मिष्ठान की दुकानों पर लोगों का हुजूम आज दीपावली त्यौहार को लेकर उमड़ेगा और इसके साथ ही उपहार खरीदारी भी होगी ताकि कई लोग दीपावली पर एक-दूसरे को तोहफे के रूप में उपहारों का भी आदान-प्रदान कर सकें।

### बाजार में उमड़ा लोगों का अंबार, खूब हुई खरीदारी

ग्वालियर। बीते दो वर्षों के कोरोना काल के बाद अब हालात सामान्य होने पर नगर में दीप पर्व दीपावली का त्यौहार बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजार में दीप पर्व दीपावली पर बाजार में लोगों का अंबार उमड़ा और लोग अपनी जरूरतों के अनुसार बाजार में खरीदारी करते हुए नजर आए।

शहर के प्रमुख बाजार सर्राफा बाजार , महाराज बाड़ा, सिटी सेंटर ,ठाठीपुर ,मुरार ,हजीरा जैसे प्रमुख बाजार में लोगों की आवाजाही बनी रही। इस वर्ष नगर निगम के द्वारा एक ओर जहां दीपावली के त्यौहार को लेकर कोई शुल्क नहीं वसूला गया तो वहीं यातायत विभाग के द्वारा हाथ ठेलों को लेकर व्यवस्था भी बनाई गई है जिसमें महाराज बाड़ा पर दो पट्टियों के रूप में हाथ ठेलों पर लोग दीपावली की सामग्री बिक्री करते हुए नजर आए। इसके साथ ही दीपावली को लेकर इस बाहर ग्रहण के चलते 25 अक्टूबर के बजाए 24 अक्टूबर को ही दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है जिसमें घर-घर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के साथ महालक्ष्मी पूजन होगा तत्पश्चात जोरदार आतिशबाजी व नए-नए कपड़ों में सज-धज कर लोग परिवार के साथ मिलकर दीपावली का यह पर्व मनाऐंगें। दीपावली के इस पर्व पर शहर के कपड़ा बाजार में भी खूब खरीदारी हुई तो वहीं दुपहिया वाहनों को भी शोरूम पर पहुंचकर कई ऑफर का लाभ दिलाते हुए विक्रय किया गया।

### त्यौहार को लेकर बाजार में दिखी रौनक

इस बार दीप पर्व दीपावली को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिली। जहां बाजार में हाथ ठेला, कपड़े, फूलमाला, मिष्ठान आदि दुकानों पर लोगों की आवाजाही और खरीदी होती हुई नजर आई। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स बाईक शोरूम, सहित होंडा, हीरो, टीव्हीएस सहित कार शोरूमों पर भी लोगों की खरीदी देखने को मिली। सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर भी अच्छी ग्राहकी देखी गई। जहां लोगों ने मनपसंद अनुरूप गहनो की खरीदी भी गई।

### आज रोशन होगा आकाश

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली का त्योहार शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और इसको लेकर जहां दुकानें और मकानों पर आकर्षक साज-सज्जा की जा चुकी है तो वहीं अमावस्या की काली रात को आतिशबाजी की रोशनी से रोशन करने के लिए पटाखों की खरीदी की जा रही है। बच्चों के लिए फूलझड़ी, डोरेमोन चकरी, तड़तड़ी, टिकली सहित अन्य आतिशबाजी की सामग्री पटाखा व्यापारियों के पास उपलब्ध है। बच्चों में खासकर डोरेमोन और तितली छाप चकरी की खरीदी को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है।

## मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल योजना के अंतर्गत दीपावली मिलन समारोह हुआ





### ऊर्जा मंत्री तोमर एवं सांसद शेजवलकर ने बच्चों से भेंट कर दीं शुभकामनायें

### सांसद निधि से बालिका को कम्प्यूटर उपलब्ध कराने की घोषणा

ग्वालियर। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से दीपावली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होटल तानसेन में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने बच्चों से भेंट की और उनकी प?ाई व स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की। बच्चों को इस मौके पर दीपावली की शुभकामनायें भी प्रदान कीं।

दीपावली मिलन के इस कार्यक्रम में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती संदीपा मल्होत्रा, सदस्य सुमन शर्मा, श्रीमती मनमोहन सिंह सिद्दू एवं महिला बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी राहुल पाठक उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में प्रगति के लिए खूब प? और स्वस्थ रहें। जिला प्रशासन और शासन उनकी मदद के लिये सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने बच्चों को दीपावली के अवसर पर मिठाई एवं उपहार भी प्रदान किए। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने दीपावली मिलन के अवसर पर बालिका द्वारा कम्प्यूटर कोर्स सीखने की इच्छा व्यक्त करने पर सांसद निधि से कम्प्यूटर प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने महिला-बाल विकास अधिकारी से कहा है कि बच्चों की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये विभागीय अधिकारी निरंतर उनके संपर्क में रहें। सांसद श्री शेजवलकर ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ ही मिष्ठान एवं उपहार भी प्रदान किए।

## दीपराज परमात्मा की याद से मन का अंधेरा करें दूर : आदर्श दीदी



ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय प्रभु उपहार भवन माधौगंज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी, ब्र.कु. ज्योति दीदी, ब्र.कु. प्रहलाद उपस्थितथे।दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारे भारतीय त्यौहारों में बहुत सी रस्में होती हैं। यह रस्में एक दिन के लिए नहीं बल्कि हमारे अंदर अच्छे संस्कार निर्मित करने के लिए बनाई गई हैं। सभी रस्मों के आध्यात्मिक अर्थ को जान व समझकर यदि हम पर्व मनाएं तब ही पर्व मनाने की सार्थकता होगी।ये संस्कार स्वच्छता के हों, दिव्य गुण धारण करने के हो या अन्य कोई।

ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देवत्व अर्थात् देने की निशानी है दिया जलाना। अपने नाम के अनुरूप दिया हमें देते रहने का संदेश देता है। हम जिनसे भी मिलें उन्हें प्रेम, खुशी, शांति, ज्ञान, गुण व शक्तियों का कुछ न कुछ दान देते रहें।कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं को मुकुट व माला पहनाकर उनका सम्मान किया साथ ही दिव्यगुण धारण करने और बुराइयों को छो?ने के लिए सभी को प्रेरित भी किया।संस्थान से जु? बच्चों के द्वारा सुंदर संस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।कार्यक्रम में सुरभि,रोशनी,सृष्टि, हर्षिता,प्रिया,मीरा,भगवती नंदन सिंह रौतेला, आर एस वर्मा, दिनेश, कविता अशोक पमनानी, दीपा जयकिशन,गायत्री परिहार, चंद्रकांता, मालती,ममता, मिथलेश अनिल तिवारी,सुरेंद्र, विजेंद्र, संजय, आरती, सहित अनेकानेक श्रदालु उपस्थित थे।

## फेल हुई स्मार्ट सिटी की सूत्र सेवा, बसों को नहीं मिल रहीं सवारियां

**ग्वालियर।** ग्वालियर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा शहर में शुरू की गई सूत्र सेवा फेल साबित हो रही है। महाराज बाड़ा से दीनदयाल नगर के बीच चलने वाली इन बसों को सवारियां तक नहीं मिल पा रही हैं। इसके चलते अधिकतर बसें डिपो में ही खड़ी नजर आती हैं। इसके अलावा स्मार्ट सिटी द्वारा 60 इंटरसिटी और 20 इंट्रासिटी बसों को चलाने की योजना पर भी कोई काम नहीं किया जा रहा है। यह योजना भी अब ठंडे बस्ते में जाती हुई नजर आ रही है। स्मार्ट सिटी द्वारा शहर में 12 इंटरसिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। इन बसों को चलाने के लिए सिर्फ एक ही रूट तय किया गया है, जिसमें दीनदयाल नगर से महाराज बाड़ा तक की दूरी को शामिल किया गया है। इस रूट पर टैंपो का भी संचालन होता है। सिटी बसें अधिकतर जाम में फंस जाती हैं। इसके अलावा इनके चलने का समय भी निर्धारित नहीं है। ऐसे में लोग इन बसों के बजाय टैंपो से सफर करना ज्यादा पसंद करते हैं। यही कारण है कि सूत्र सेवा की बसों को अब सवारियां ही नहीं मिल पा रही हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है कि वे अपनी ओर से पूरा प्रयास कर रहे हैं और जनता को भी इन बसों का उपयोग करना चाहिए। दूसरी ओर शहर में अन्य रूट निर्धारित कर 60 इंट्रासिटी और अन्य शहरों के लिए 20 इंटरसिटी बसें चलाने का टेंडर पांच बार फेल होने के बाद में स्मार्ट सिटी ने इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इसका कारण यह है कि इन बसों के टेंडर में कोई भी बस आपरेटर भाग नहीं ले रहा है। हालांकि शुरूआत में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने टेंडर की शर्तों में परिवर्तन करने की विचार किया था, लेकिन कई बार शर्तें बदलने के बाद भी कोई आपरेटर नहीं आने पर इस योजना पर अब आगे काम करना बंद कर दिया गया है।

## विकास और स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. सिकरवार



ग्वालियर। आज जी.वाय.एम.सी. परिसर में ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने महिला-पुरूष सफाई कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुये वस्त्र और मिठाई भेंट की। इस मौके पर मुख्य रूप से महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, मेयर इन कॉउसिंल के स्वच्छता प्रभारी अवधेश कौरव, प्रदेश सचिव सुरेन्द्र यादव, पार्षद अंकित कठठ्ल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि देश के विकास और स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों का सबसे अहम योगदान है। विधायक डॉ. सिकरवार ने सफाई कर्मचरियों से आव्हान किया कि अपने बच्चों को शिक्षित कर देश की मुख्य धारा से जोडने का काम करें। कार्यक्रम में महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि शहरों की सफाई व्यवस्था को रैकिंग दी जाती है और अफसर अवार्ड लेने पहुंचते है, जबकि पुरस्कार पाने के असली हकदार सफाई कर्मचारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता के आने पर सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं का हल कराया जाएगा और बच्चों को शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का लक्ष्मी पूजन आज मुखर्जी भवन में

### केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर रहेंगे मौजूद

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पावन पर्व के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजन का आयोजन कल 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में किया जाएगा। लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने दी। श्री चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा, वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र सहप्रभारी जयभान सिंह पवैया, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, वरिष्ठ नेता श्रीमती माया सिंह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक शेजवलकर, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदौरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर, प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह, बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, नगर निगम सभापति, मनोज तोमर सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### मोर्चरी फ्रीज दीपोत्सव के साथ मुरार मुक्तिधाम को समर्पित

**अग्रवाल फाउण्डेशन की यह पहल अनुकरणीय**

ग्वालियर। अग्रवाल वैश्य फाउंडेशन द्वारा आज मुरार शमसान में दीपोत्सव पर्व पर अपने पूर्वजों की स्मृति में दीप प्रज्जवलित किये गये । इस मौके पर अग्रवाल फाउण्डेशन द्वारा मुरार शमसान के लिये 70 हजार की लागत का मोर्चरी फ्रीज ( डेड बॉडी को सुरक्षित रखने हेतु ) मृतक परिवारों के लिये समर्पित किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से म.प्र. बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल , अग्रवाल फाउण्डेशन के संरक्षक मुकेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल (प्रवक्ता बी जे पी), नितिन मांगलिक ( विद्युत महाप्रबंधक, ग्वालियर शहर) विशेष रूप से उपस्थित थे । इस मौके पर म.प्र. बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने अग्रवाल फाउण्डेशन द्वारा मुरार शमसान को भेंट किये गये मोर्चरी फ्रीज के पुनीत कार्य को अनुकरणीय बताते हुए अग्रवाल फाउण्डेशन को बधाई दी। इस अवसर पर सचिव हरिओम अग्रवाल द्वारा फाउंडेशन की जानकारी दें कार्यक्रम में अनिल गर्ग, कैलाश अग्रवाल,चंद्र शेखर अग्रवाल, सोनू मंगल, मोहन लाल अग्रवाल,सुभाष गोयल,जय प्रकाश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, धीरज मित्तल, संदीप मंगल, मुदित अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मुनिश्री के सानिध्य में 25 अक्टूबर को मोक्षकल्याण पर चढ़ेगा निर्वाण लड्डू

### हमेशा मीठा बोलो,दूसरों के अंदर गुणों को देखो : मुनिश्री विनयसागर

### मुनिश्री विनय सागर महाराज ने किया चातुर्मास निष्ठापन।



ग्वालियर। हमेशा मीठा बोलो और दूसरों के अंदर गुणों को देखो व स्वयं को पहचानो। मुख से वाणी निकले तो हमेशा छनकर निकले,मीठी निकले। वाणी वीणा जैसी बोलो जो कानों को पवित्र कर दे। आपकी वाणी को सुनकर जिसको धर्म करने का मन न करें वह भी धर्म कार्य में लग जाए। कोई कितना भी कड़वा बोले आप हमेशा मीठा बोलो। अच्छा और मीठा बोलेंगे तो सब आपको सुनेंगे। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को चातुर्मास निष्ठापन एवं सोलह दिवसीय सोलह मंडलीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान में माधौगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।।

खुद को पहचानो,स्वयं की परीक्षा लो। आपकी दृष्टि कैसी है। रोज 2 मिनट ध्यान करना और सोचना आपकी दृष्टि कहां जा रही है। ऐसा कोई भी द्रव्य नहीं है संसार में जिसमें गुण नहीं है,आपको गुण ग्रहण करना आना चाहिए।कभी-कभी सम्मान भी इंसान के चरित्र को जीवित रखता है। सम्मान इंसान को सुमार्ग दिखाता है। किसी व्यक्ति को बार-बार कहें यह तो ऐसा ही है, यह तो वैसा ही है,तो उस व्यक्ति की धारणा भी वैसे ही बनना प्रारंभ हो जाती है। वह व्यक्ति यही समझता है कि मैं प्रसिद्ध हो चुका हूं और उसकी प्रवृत्ति भी वैसे ही हो जाती है। पापी को पापी कहने वाले इस संसार में बहुत है लेकिन पापी के अंदर अच्छाई को देखने और उसे बताने वाले बहुत कम है। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में दीपावली पुस्तक का जैन समाज के लोगो ने विमोचन किया। मुनिश्री ने दोपहर में चतुर्मास कलशों का निष्ठापन किया।

### विधान में भगवान जिनेंद्र का हुआ अभिषेक, पूजन में अर्घ्य समर्पित किए

श्रमण मुनिश्री विनय सागर जी महाराज के सानिध्य में 16 दिवसीय श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान में मंत्रो का उच्चारण कर श्रावकों ने कलशों से भगवान जिनेंद्र का अभिषेक जयकारों के साथ किया। वही भगवान जिनेंद्र की शांतिधारा की गई। उसके पश्चात विधानचार्य ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्गदर्शन में शांतिनाथ मंडल विधान में श्रद्धालुओं ने भगवान जिनेंद्र के समक्ष अष्ट द्रव्य से पूजन अर्चना कर भक्तिभाव के साथ महाअर्घ्य चढ़ाये।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478